
**सुविचार**
अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi



08

किआरा ने सास मां को खिलाई होम मेड...

Ranchi ● Tuesday, 11 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 175 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,622.24 |
| निफ्टी | : | 18,534.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 76.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट होने से सेना का जवान घायल

**POONCH :** पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट होने से सेना का एक जवान घायल हो गया है। सैन्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि केरनी सेक्टर के एक अग्रिम गांव में गश्त के दौरान जवान ने अपना पैर गलती से बारूदी सुरंग पर रख दिया और एक जोरदार विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल को एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर जवान का उपचार जारी है। अधिकारियों ने कहा कि घुसपैठ के प्रयास को रोकने के लिए नियंत्रण रेखा के पास जमीन में बारूदी सुरंगें बिछाई जाती हैं, जो कभी-कभी बारिश के कारण मिट्टी बह जाने से ऊपर आ जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती हैं।

### मणिपुर में ताजा हिंसा में एक की मौत, कई घायल

**IMPHAL :** मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं जारी हैं। गोलीबारी की ताजा घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर स्थित दो गांवों में हुई। यहां मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की आधी रात से इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर स्थित फेयेंग और सिंघदा गांवों में गोलीबारी की घटनाएं हुईं। झड़प की सूचना मिलने के बाद असम राइफल्स की अतिरिक्त टुकड़ियों को दोनों गांवों में भेजा गया।

### कई क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए पीएम होंगे सम्मानित

**MUMBAI :** लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट का प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाएगा। यह पुरस्कार कृषि, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और राजनीति के क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी के बहुमूल्य योगदान के लिए 1 अगस्त को दिया जाएगा। पुणे जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को आमंत्रित किया गया है। जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. दीपक तिलक के हाथों प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार में एक स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र और एक लाख रुपये शामिल हैं। वर्ष 1983 से राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला पुरस्कार कृषि, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और राजनीति के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए दिया जाता है।

### विस्फोटक रखने के आरोप में तृणमूल उम्मीदवार अरेस्ट

**KOLKATA :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के ग्राम पंचायत में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार किया है। उसका नाम मनोज घोष है। उसे नलहटी थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और लंबी पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एनआईए सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि उसे बीरभूम से कोलकाता लाया जा रहा है। मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह मामला पिछले साल का है जब मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में बड़ी मात्रा में जिलेटिन स्टिक और अन्य विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए थे।

# बाबाधाम में 10 KM की लंबी कतार

## पहली सोमवारी : जलार्पण को उमड़े भक्त, सभी मंदिर रहे गुलजार

**PHOTON NEWS DEOGHAR :** देवघर बाबा नगरी में पहली सोमवारी पर 10 जुलाई को कांवरियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वैसे हर इलाके के हर शिव मंदिर में जल चढ़ाने को भक्त पहुंचे। बाबाधाम में जलार्पण के लिए अहले सुबह ही कांवरियों की 10 किलोमीटर लंबी कतार लग गई थी। अनुमानतः पहली सोमवारी को एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। इससे पूरा मेला क्षेत्र कांवरियों की भीड़ से केसरियामय हो गया है। दूसरी ओर कांवरियों की इस भीड़ को संभालने में देवघर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। उपायुक्त और देवघर एसपी अपने मातहतों के साथ 9 जुलाई की देररात से ही कांवरिया रुट लाइन की निगरानी में लगे रहे। मेला



देवघर बाबा नगरी में पहली सोमवारी पर कांवरियों का उमड़ा जनसैलाब ● फोटोन न्यूज

नियंत्रण कक्ष का माइक रातभर सूचना प्रसारित करने में लगा रहा। कांवरिया पथ, रुट लाईन, सेवा शिविरों से लेकर शिवगंगा तक हर ओर कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है। इधर सुबह के 3 बजे सरकारी पूजा के तुरंत बाद कांवरियों के जलार्पण के लिए बाबा का पट खोल दिया गया था। कांवरियों की कतार को मानसिंही फुट ओवर ब्रिज के रास्ते गर्भगृह तक लाकर अरघा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। भीड़ के कारण कांवरियों की 10 किलोमीटर लंबी कतार नंदन पहाड़ तक पहुंच गई थी।

संबंधित खबर पेज 3, 4 व 5 पर भी

# RANCHI CIVIL COURT में पेश हुईं अमीषा पटेल, फेस करेंगी ट्रायल

## प्रोड्यूसर से धोखाधड़ी मामले में बुरी फंसी गदर फेम अभिनेत्री

**CRIME REPORTER RANCHI :** बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल धोखाधड़ी मामले में रांची सिविल कोर्ट में पेश हुईं। चेक बाउंस मामले में सशरीर उपस्थित होने के कोर्ट के आदेश के बाद अमीषा दूसरी बार कोर्ट पहुंची, जहां अमीषा ने अपने उपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने इसके बाद अमीषा पटेल और बुरी तरह फंस गईं। अमीषा पटेल मामले की सुनवाई ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डी एन शुक्ला की कोर्ट में हुई। अमीषा पटेल की ओर से अधिवक्ता जयप्रकाश, जबकि अजय कुमार सिंह की तरफ से अधिवक्ता स्मिता पाठक ने अदालत में बहस की।

बता दें कि अमीषा पटेल पर रांची के प्रोड्यूसर अजय कुमार



रांची के सिविल कोर्ट में चेहरा धके अभिनेत्री अमीषा पटेल ● फाइल फोटो


सिंह के साथ धोखाधड़ी का आरोप है। फिल्म बनाने के नाम पर पैसे लेकर, बाद में चेक बाउंस व धोखाधड़ी के मामले में अरगोड़ा थाना में अमीषा पटेल के खिलाफ मामला दर्ज है। चेक बाउंस से जुड़े इसी केस में बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने रांची सिविल कोर्ट में हाजिरी लगायी। सुनवाई के दौरान अदालत ने अमीषा पटेल को उनपर लगे आरोप बताये। लेकिन अमीषा ने सभी आरोपों से इनकार कर दिया। इससे पहले अभिनेत्री को 21 जून को रांची के सिविल कोर्ट में उपस्थित होना था, लेकिन वह नहीं हुईं।

# रांची में बन रहे लाइट हाउस का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिरा

## जगन्नाथपुर में निर्माणाधीन सस्ते आवासीय कॉलोनी में हादसा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची में 8 तल्ला के भवन का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। धुर्वा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर में गरीबों के लिए आवासीय कॉलोनी का निर्माण हो रहा है। इसे लाइट हाउस नाम दिया गया है। इसी लाइट हाउस के एक भवन का हिस्सा टूटकर गिर गया। सोमवार को स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात करीब साढ़े 12 बजे लाइट हाउस का एक हिस्सा अचानक ढह गया। देर रात घटना हुई, इसलिए किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सोमवार को दिन में टूटे हुए हिस्से को हरे कपड़े से पूरी तरह से ढक दिया गया। किसी को निमार्णाधीन कॉलोनी में जाने नहीं दिया जा रहा है। क्रेन की मदद से मलबा हटाने का काम चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया की आधी रात को अचानक बिल्डिंग का हिस्सा गिरने लगा। आसपास मौजूद लोग वहां से भागने लगे।



रांची के जगन्नाथपुर में निर्माणाधीन आवासीय कॉलोनी में गिरा पड़ा मलबा ● फोटोन न्यूज

एक व्यक्ति ने बताया कि लाइट हाउस बनाने का काम दिन-रात चलता रहता है। अगर कोई मलबे में दब भी गया होगा, तो किसी को पता नहीं चला। वहीं, एक समाजसेवी ने कहा कि सुबह से ही पूरे इलाके को घेर दिया गया। किसी को उधर नहीं जाने दिया जा रहा। लोगों ने भवन के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता का आरोप लगाया है। बताया कि सीढ़ी की जो दीवार है, वह ऊपर से नीचे तक गिर गयी है। यह हालत तब है, जब भवन पूरी तरह से खाली है। जब लोग इसमें रहने लगेंगे, इसमें लिफ्ट लग जायेगा, तो क्या यह उसका लोड झेल पायेगा? बता दें कि लाइट हाउस में ईंट का इस्तेमाल नहीं हो रहा। सिर्फ स्लैब से ये अपार्टमेंट बन रहे हैं।

**एसजीसी मैजिक्रीट एलएलपी को मिला है ठेका**

रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का ठेका मेसर्स एसजीसी मैजिक्रीट एलएलपी को दिया गया है। कंपनी को रांची में 1008 (जी+8) फ्लैट बनाने की जिम्मेदारी दी गयी है। जब इस परियोजना की नींव रखी गयी थी, तब इसकी खूबियों के बारे में बताया था कि यह वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी से बने मजबूत पक्के मकान होंगे। इसमें उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया था।

**2021 में हुआ था झारखंड लाइट हाउस का शुभारंभ**

झारखंड लाइट हाउस परियोजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जनवरी 2021 को किया था। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्का मकान देने के उद्देश्य से लाइट हाउस परियोजना की शुरूआत की गयी है। बताया गया था कि लाइटहाउस मजबूत पक्का मकान होगा, जो भूकंपरोधी भी होगा। लेकिन, इस घटना ने मकान की मजबूती पर सवाल खड़े कर दिये हैं। बता दें कि ये भवन 3डी कंस्ट्रक्शन सिस्टम से बन रहे हैं। एक फ्लैट में एक लिविंग रूम, एक किचन, एक बाथरूम, एक बालकनी, एक बेडरूम और एक शौचालय बनना है।

# बारिश से कई राज्यों में सड़के बनीं समुद्र

## 56 मरे, खिलौने की तरह बह रहे वाहन



सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी बारिश का कहर रहा जारी ● एजेंसी

**AGENCY NEW DELHI :** उत्तर भारत के कई राज्य बारिश से पानी-पानी हो गये हैं। दिल्ली, पंजाब और हिमाचल समेत कई राज्यों में भारी बारिश बाढ़ की स्थिति हो गई है। बीजे 24 घंटों से हो रही बारिश के कारण करोड़ों का नुकसान हो चुका है। पिछले 24 घंटे में सात राज्यों में लैंडस्लाइड और बाढ़ की अलग-अलग घटनाओं में 56 मौतें हुई हैं। हिमाचल प्रदेश में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी बारिश का कहर जारी रहा। तेज बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में 300 से ज्यादा लोग फंसे हुए है। हिमाचल प्रदेश के मनाली में फंसे 20 लोगों को बचा लिया गया लेकिन पहाड़ी राज्य के विभिन्न हिस्सों में करीब 300 अन्य लोग फंसे हुए हैं।

**पिछले 24 घंटों में 56 मौत**

| राज्य | मौतें |
|---|---|
| यूपी | 34 |
| हिमाचल | 7 |
| उत्तराखंड | 6 |
| जम्मू-कश्मीर | 4 |
| पंजाब | 3 |
| राजस्थान | 1 |
| दिल्ली | 1 |
| कुल | 56 |

हिमाचल प्रदेश राज्य में भारी बारिश के बाद भूस्खलन, घरों को नुकसान पहुंचाने और कई लोगों की मौत होने के एक दिन बाद मौसम विभाग ने सोमवार को अत्यंत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ देश का राजधानी दिल्ली भी जलमग्न है।

# पलामू में CRPF जवान ने खुद को मारी गोली

## आठ जुलाई को ही लौटा था दो महीने की छुट्टी से, असम का निवासी

**PHOTON NEWS PLAMU :** पलामू से सीआरपीएफ जवान के आत्महत्या की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक सीआरपीएफ जवान का नाम प्रांजल नाथ बताया जा रहा है। साथ ही जानकारी मिली है कि उन्होंने अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारी है। घटना चियांकी स्थित 112 बटालियन मुख्यालय की बतायी जा रही है।



घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लेते सीआरपीएफ के अधिकारी ● फोटोन न्यूज

बता दें कि मृतक सीआरपीएफ जवान बीते दिन 8 जुलाई को ही करीब दो महीने की छुट्टी से वापस लौटा था। बता दें कि घटना सोमवार अहले सुबह 3 बजे की है जब जवान प्रांजल नाथ ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया। साथ ही घटनास्थल से कोई भी सूसाइड नोट मिलने की अभी तक सूचना नहीं है। इस घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि 31 वर्षीय सीआरपीएफ जवान प्रांजल असम राज्य का रहने वाला है और बीते शनिवार को ही छुट्टी से ड्यूटी पर आया था। अधिकारियों ने प्राथमिक जांच के बाद मृत जवान के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विजय माल्या-नीरव मोदी का जल्द हो सकता है प्रत्यर्पण

**NEW DELHI :** भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी और विजय माल्या के प्रत्यर्पण को लेकर भारत ब्रिटेन पर लगातार दबाव बना रहा है। ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडलों को लगातार भारतीय दबाव का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की पीएम मोदी जब भी ब्रिटेन से बात करते हैं उनका पहला सवाल यही होता है कि नीरव मोदी और विजय माल्या कहां हैं, उनको कब प्रत्यर्पण किया जा रहा है। यह बातें वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा।

# बारिश से कई ट्रेनें रद्द झारखंड पर भी असर

**PHOTON NEWS RANCHI :** उत्तर पश्चिमी भारत में जारी भारी बारिश का असर ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है। राज्य के अलग अलग स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों पर इसका असर देखा जा रहा है। जहां रेलवे बोर्ड ने कुछ ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। तो वहीं कुछ ट्रेनों को अन्य स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। पंजाब से जुड़ी ट्रेनों पर इसका असर सबसे अधिक पड़ा है। वहीं झारखंड पर भी प्रभाव है।

**आज ये ट्रेन रद्द**

11 जुलाई को कुछ ट्रेनें रद्द की गयी है। रेलवे बोर्ड ने इसकी जानकारी दी है। जिसमें गंगा-सतलज एक्सप्रेस और कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के मंगलवार को रद्द होने की गयी है। वहीं, फरोजपुर-धनबाद गंगा सतलज एक्सप्रेस, जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरि एक्सप्रेस, अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल रविवार को रद्द कर दी गयी। ये ट्रेनें राज्य के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरती है। जिसमे कोडरमा, हजारीबाग, पारसनाथ, धनबाद शामिल है।

## जून-जुलाई में महज 144 मिमी बारिश, औसतन वर्षा पहले होती रही है 540 मिमी, खेतों में बीज तक नहीं डाल पाए अन्नदाता

# झारखंड के किसानों को सता रही सुखाड़ की चिंता

**PHOTON NEWS KHUNTI :** आषाढ़ और सावन के एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी अब तक भरपर बारिश नहीं होने के कारण खूंटी सहित लगभग पूरे झारखंड में सुखाड़ की आशंका गहराती जा रही है। वैसे तो जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का यह नतीजा है। असमय वर्षा, तूफान, सूखा और मौसम में बदलाव इसका प्रत्यक्ष



प्रमाण है। झारखंड भी इससे अछूता नहीं है। झाड़फूक सालों पहले खूंटी में जून-जुलाई के महीने में 540 मिलीमीटर औसतन बारिश होती होती थी, वहीं खूंटी, रांची सहित अन्य जिलों में इस साल जून-जुलाई में अब तक सिर्फ 144 मिमी वर्षा हुई है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी कहते हैं कि झारखंड यह खतरनाक संकेत है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि हम मनुष्य चेत नहीं रहे। घने जंगलों को खत्म कर दिया, पहाड़ों को नष्ट कर दिया, उन पर कब्जा कर घर बना लिया। डॉ चौधरी ने कहा कि नदियां इतनी प्रदूषित हो गयी हैं कि उनमें मछलियां नहीं मिलती। अब रंग-.बिरंगे पक्षी नहीं दिखते। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर अंधाधुंध बड़े पेड़ काट दिये गये। वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले कार्बनडाइक्साइड की मात्र तेजी से बढ़ी है।

**कम अवधि और कम पानी वाली फसल लगाएं**

मौसम वैज्ञानिक डॉ चौधरी किसानों को सलाह दिया कि ऊपरी खेतों में वर्षा की अनियमितता को देखते हुए कम अवधि एवं कम पानी की आवश्यकता वाली फसल जैसे – अरहर, उड़द, मडुआ, ज्वार आदि की खेती को प्राथमिकता दें, जो किसान ऊपरी खेतों में धान, मकई, या मूंगफली की खेती करना चाहते हैं, वे अंतर्वर्तीय खेती करें, क्योंकि अनियमित वर्षा की स्थिति में यदि एक फसल मारी जाती है, तो दूसरी फसल से कुछ न कुछ उपज मिल जाती है और अनुकूल वर्षा होने पर दोनों ही फसल की अच्छी उपज मिल जाती है।

### नॉलेज सेंटर को नॉलेज इकोनॉमी का सेंटर बनना चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मू

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के तकनीकी संस्थानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि नॉलेज सेंटर को नॉलेज इकोनॉमी का सेंटर बनना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित दो दिवसीय आगंतुक सम्मेलन-2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने इस दौरान नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में आगंतुक पुरस्कार 2021 भी प्रदान किए।

BRIEF NEWS

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मंगलवार को रवाना करेंगे सारथी ऑन व्हील जागरूकता रथ



**RANCHI:** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मंगलवार को सारथी ऑन व्हील जागरूकता रथ रवाना करेंगे। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना शामिल होंगे। रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ रांची के विधायक सीपी सिंह, रांची सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान परिवार नियोजन का पोस्टर भी जारी किया जाएगा। इस आयोजन के दौरान परिवार नियोजन पर फिल्म भी दिखायी जाएगी और नव दंपती को नई पहल किट सौंपी जाएगी। इसमें विभाग के सचिव अरुण कुमार गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।

## छह सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने किया धरना-प्रदर्शन



**KHUNTI:** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन जिला समिति खूंटी ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय खूंटी के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। घंटों चले धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त, उप विकास आयुक्त और समाज कल्याण पदाधिकारी को सौंपा गया। इससे पूर्व धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे जिला समिति की अध्यक्ष रंजीता देवी ने कहा कि जब तक हमारी छह सूत्री मांग सरकार पूरी नहीं करती, तब तक हम सरकार को चैन से रहने नहीं देंगे। हम उधार में पोषाहार नहीं चलाएंगे। सरकार हमें केन्द्रीय कर्मी का दर्जा दे। प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा ने कहा कि हमें मानदेय नहीं, वेतन चाहिए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि आगामी दिनों में हम जोरदार आंदोलन के बल पर अपनी सभी मांगों को लेकर रहेंगे। जिला संयोजक अनिल भगत ने कहा कि पोषण से संबंधित कार्य आंगनबाड़ी का है, लेकिन दुर्भाग्य से पोषाहार एवं मानदेय समय पर सेविका सहायिका को न देकर सरकार कुपोषण को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

## मांगें नहीं माने जाने से आक्रोशित नर्सेज का 18 जुलाई से सभी जिला मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन धरना

**JAIPUR:** राजस्थान नर्सेज सयुक्त संघर्ष समिति की प्रांतीय महासभा सवाई मानसिंह अस्पताल के सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। जिसमे प्रदेश भर के 242 ब्लॉक एवं 33 जिलों से आए नर्सेज नेताओं ने राज्य सरकार की नर्सेज के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति से नाराज होकर 18 जुलाई से जयपुर समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत करने का निर्णय लेते हुए 23 अगस्त को राजधानी जयपुर में चालीस हजार नर्सेज की रैली निकालेंगे। संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक प्यारेलाल चौधरी,राजेंद्र राना,नरेंद्र सिंह शेखावत,भूदेव धाकड, पुरुषोत्तम कुम्भज, पवन मीणा, प्रीति रामदेव ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि 18 मई से नर्सेज कर्मी शांतिपूर्ण तरीके से जयपुर जिले में सरकार का ध्यानाकर्षण आंदोलन कर अपनी 11 सूत्रीय मांगों को रख रहे है। परंतु प्रशासनिक स्तर पर कोई निर्णायक कार्यवाही नही होने से नर्सेज को राज्य भर में संयुक्त संघर्ष समितियो का गठन कर आंदोलन के लिए विवश होना पड़ रहा है।

# विधायिका एवं कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय जरूरी : हेमंत सोरेन

## बोले मुख्यमंत्री-व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें, इस पर होना चाहिए चिंतन

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को झारखंड विधानसभा के सभागार में विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आने वाले समय में बेहतर विधानसभा के संचालन में सहायक साबित होगी। हेमन्त सोरेन ने कहा कि देश का संविधान एक ऐसा अद्भुत मिश्रण है, जहां संसदीय प्रणाली को चलाने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं। विधायिका देश एवं राज्य के लोगों के कल्याणार्थ विधेयक पारित करने, संशोधन प्रस्ताव लाने, नियम-कानून बनाने, नीति निर्धारण सहित कई कार्य करती हैं। कार्यपालिका सरकार द्वारा लाए गए इन नियम-कानून, नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने का काम करती है तथा न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या एवं न्याय देने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को समान सहयोगी के रूप में कार्य करने की जरूरत है।



मुख्यमंत्री को पौधा देते रविंद्र नाथ महमो • फोटोन न्यूज

इन्हें एक-दूसरे को साथ लेकर सही दिशा के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि इनके द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लाभ आम जनता को मिल सके। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग 23 साल पूरे होने जा रहे हैं। नया राज्य होने की वजह से झारखंड विधानसभा को विधायिका का बहुत लंबा अनुभव नहीं है लेकिन अब यह जरूरी है कि स्थायी तौर पर विधायिका और कार्यपालिका एक बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आते हैं, सरकार बनाते हैं लेकिन कुछ व्यवस्थाएं स्थायी तौर पर कार्य करती हैं। इन स्थायी व्यवस्थाओं एवं संस्थाओं को राज्य में किसकी सरकार है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि व्यवस्थाएं निरंतर ठीक से चलती रहे इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि कुछ चीजें निरंतर बिना रुकावट के चलती हैं और ये व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें, इस निमित्त यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका प्रणाली में हम सभी लोग विधानसभा के माध्यम से नियम बनाने से लेकर कई विधेयक पास कराने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इन सभी नियम-कानूनों को कार्यपालिका व्यवस्था से होकर गुजरना पड़ता है। अतएव यह आवश्यक है कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच एक बेहतर समन्वय स्थापित हो तभी सभी कार्य सुचारू एवं सुदृढ़ तरीके से पूरा हो सकेगी। जब विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय ठीक नहीं बन पाता है तब विधानसभा के अंदर कई सवाल खड़े होते हैं।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा हमारे संविधान में निहित है, जिस तेजी से विधायी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नए कानून बनते हैं या कानूनों में संशोधन होते हैं, ऐसी परिस्थिति में विधायिका द्वारा पारित विधेयक अथवा अध्यादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे समय अंतराल पर इन विषयों को पुनः रिवाइज करने की आवश्यकता होती है।

# अधिकार रैली को ले भाकपा माले की हुई बैठक

## कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जाकर करेंगे कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गावां प्रखंड स्थित जमडार पंचायत भवन में भाकपा माले की बैठक हुई. बैठक में मुख्यरूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में 15 जुलाई को जमडार में सम्मान बचाओ-सविधान बचाओ अधिकार रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि रैली को कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जाकर ब्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई व भ्रष्टाचार से जूझ रही है। भाजपा के शासन काल में पेट्रोल, डीजल व गैस के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वहीं भाजपा लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन



बैंठक में उपस्थित कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

कर लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। भाजपा शासित मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब किया जाता है। लेकिन इस मुद्दे पर विधायक बाबूलाल मरांडी चुपी साधे हैं। क्षेत्र में जो भी रोजगार का साधन हैं उसे भी बन्द कर दिया गया है। कई गांव में पहुँच पथ के नहीं रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि 2024 में भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना होगा। मौके पर प्रदीप यादव, संतोष मरांडी, देवचंद यादव व विकास ठाकुर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने पत्नी के साथ सोमनाथ शिव मंदिर में की पूजा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं। भोलेनाथ नाम के जाप मात्र से ही हर कष्टों से मुक्ति मिलती है। भगवान महादेव की पूजा से हर कार्यो में सफलता मिलती हैं।

मंत्री पहली सोमवारी के अवसर पर जमशेदपुर के डिमना चौक स्थित श्री सोमनाथ शिव मंदिर में धर्म पत्नी सुधा गुप्ता के साथ पूजा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने 251 भक्तों के कलश यात्रा को भी रवाना किया जो स्वर्णरेखा नदी में जाकर जल अर्पण किया।

साथ ही उन्होंने राज्यवासियो के खुशहाली और समृद्धि की भी



जलाभिषेक करते स्वास्थ मंत्री व उनकी पत्नी • फोटोन न्यूज

कामना की। इससे पहले सोमनाथ मंदिर समिति के संयोजक दीपक गुप्ता ने मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी सुधा गुप्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, जबकि पूजा समिति के तरफ से शिव परिवार का फोटो भेंट किया गया, पूजा अर्चना पंडित बिपिन झा की ओर से पूर्ण कराया गया।

# खरवार भोगता समाज विकास संघ ने बाबूलाल मरांडी का किया जोरदार स्वागत

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** खरवार भोगता समाज विकास संघ ने रांची में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू के नेतृत्व में संघ के लोगो ने बाबूलाल मरांडी को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। स्वागत करने वालो में संघ के केंद्रीय सलाहकार झलकू गंझू, केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता, केंद्रीय कोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू, युवा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष उमेश सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू ,केंद्रीय सदस्य विश्वनाथ गंझू ,रामजीत गंझू, कजरु गंझू, बंधन गंझू,



बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते संघ के लोग • फोटोन न्यूज

संजय गंझू, मंगल सिंह भोगता, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, बोकारो जिला अध्यक्ष सोहन गंझू, लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेमचंद्र गंझू, गुमला जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान, सचिब भरत प्रधान, चतरा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल गंझू, लातेहार युवा संघ अध्यक्ष प्रकाश गंझू, बोकारो युवा संघ अध्यक्ष भोला भोगता, लातेहार जिला सचिव सत्यानारण गंझू, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता, सेवा गंझू, दिलीप गंझू, बहुरा गंझू, परमेश्वर गंझू, रामदयाल गंझू, रामेश्वर भोगता, शिवनाथ भोगता, रामधारी गंझू, बसंत गंझू, योगेंद्र गंझू, बहादुर गंझू, अजय गंझू, सुखदेव गंझू, बासदेव गंझू, नरेश गंझू आदि शामिल थें।

## कांग्रेस का मौन सत्याग्रह 12 जुलाई को



**RANCHI:** प्रदेश कांग्रेस 12 जुलाई को मोरहाबादी रांची स्थित बापू वाटिका के समक्ष एक दिवसीय मौन सत्याग्रह का आयोजन करेगी। गुजरात हाई कोर्ट की ओर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत ये मौन सत्याग्रह किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम में सभी मंत्री, सांसद, विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सहित कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे।

# संयुक्त किसान मोर्चा तीन अगस्त को विधानसभा के समक्ष देंगा धरना

**PHOTON NEWS RANCHI:** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित भाकपा कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान संग्राम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गोपर ने की।

मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों किसानों को धोखा दिया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए राज्य सरकार कानून बना सकती है। लेकिन नहीं बना, किसान आयोग का गठन, किसानों के लिए अलग से बजट बनाने, भूमि बैंक को समाप्त करने, गैरमजरूआ जमीन की रसीद को चालू कराने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कराना , ऑनलाइन के नाम पर बड़े पैमाने पर रोक लगाना सहित कई अन्य मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान




संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र गोपर व अन्य लोग • फोटोन न्यूज

मोर्चा आगे आने वाले दिनों के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जुलाई को किसान समन्वय संघर्ष समिति संयुक्त मोर्चा की विस्तारित बैठक रखी जाएगी । इसमें सभी संगठनों के राज्य कमेटी के लोग भाग लेंगे। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के झारखंड प्रभारी पूर्व विधायक राजा राम सिंह भाग लेंगे। तीन अगस्त को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में उपरोक्त मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से विधानसभा के समक्ष महा धरना दिया जाएगा। नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार लगातार किसानों पर हमला कर रही है। किसानों की जमीन कौड़ी की भाव लूट रही है।

## विस्थापितों को KTPS के अधिकारी व दामोदर घाटी निगम के पदाधिकारियों ने किया लूटने का काम

# जयराम महतो ने कहा, KTPS बांझेडीह में 60-40 नाय चलतव

**PHOTON NEWS KODARMA:** जिले के जयनगर प्रखंड के बांझेडीह केटीपीएस के बगल सभा में जयराम महतो गरजते नजर आए। उन्होंने कहा कि विस्थापितों को केटीपीएस बांझेडीह के अधिकारी व दामोदर घाटी निगम के पदाधिकारियों ने लूटने का काम किया है। जहां एक और इनकी जमीनों को हड़प कर विद्युत पावर प्लांट सबस्टेशन खोला है, वहीं इन लैंड लूजर को अपने हक व अधिकार के लिए लड़ाई लड़ना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी इनके हक को छीना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम झारखंडियों की मांगे झारखंड सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। वह



जनता से बात करते जयराम महतो • फोटोन न्यूज

बिल्कुल अक्षम है। आज राज्य की जनता रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। रोजगार मांगने पर उसे लाठियों का मार सहना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी झारखंड सरकार मूकदर्शक बनी है। महतो ने कहा कि आने वाले दिनों में बेहतर विकल्प चुनते हुए खतियानी जोहार संघर्ष समिति के बैनर तले हम सभी को एकत्र होना होगा। हमें अपनी पार्टी मजबूत करनी होगी। ताकि हम अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ सके। उन्होंने कहा कि यहां के विद्युत से देश के महानगर रोशन हो रहे हैं और स्थानीय लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है पावर प्लांट से निकलने वाले धुंआ और गैस से लोगों का जीना दूभर हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में जाते हैं तो उन्हें पुलिस प्रशासन की लाठियों का शिकार बनना पड़ता है। उसकी आवाज को दबा दिया जाता है। आने वाले दिनों में बेहतर झारखंड का निर्माण करने की सोच लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने नियोजन नीति में 60-40 के अनुपात को हम झारखंडी कभी बर्दाशत नहीं करेंगे।

# राजनीति छोड़ सकता हूं, पार्टी नहीं: संजय प्रसाद यादव

**PHOTON NEWS RANCHI:** राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने सोमवार को कहा कि राजनीति छोड़ सकता हूं, लेकिन पार्टी कभी नहीं छोड़ूंगा। यादव राजद प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में मीडिया में चल रही खबरों का खंडन किया। एक न्यूज चैनल ने संजय यादव के राजद से दूरी को लेकर खबर प्रसारित की थी। इस पर उन्होंने कहा कि सारी दुनिया पलट जाएगी, लेकिन संजय यादव नहीं पलट सकता है। राजद और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मेरा पारिवारिक संबंध है। जनता दल के समय से पार्टी का सच्चा सिपाही रहा हूं। बांका का जिला अध्यक्ष था। राजद बनने के बाद भी संगठन के साथ जुड़ा रहा और आगे भी रहूंगा। संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में




उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी की चार सीट पर दावेदारी है। गोड्डा, कोडरमा, चतरा और पलामू हमारी परंपरागत सीट है। हम लोगों ने लिस्ट आलाकमान को सौंप दिया है। वहीं बोर्ड निगम में जगह नहीं मिलने पर संजय ने कहा कि हमलोग लालची नहीं है। राजद मेहनत पर विश्वास करने वाली पार्टी है। सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को हमारी पार्टी का हमेशा से सहयोग रहा है। यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में पोड़ैयाहाट सीट पर राजद ने अपनी दावेदारी पेश की है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूर्व प्रदेश महासचिव बिनोद सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया था। भूलवश प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल किया। प्रदेश अध्यक्ष को गलती का एहसास हुआ, तो उन्हें पुनः पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

# हर हर महादेव...



## 2.45 बजे आरंभ हुई सरकारी पूजा, संध्या में भव्य महाआरती

सावन की पहली सोमवारी को देखते हुए देर रात 2.45 बजे सरकारी पूजा आरंभ हो गया। बाबा का विधि-विधान से रूद्राभिषेक किया गया। सरकारी पूजा में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा सपत्नीक शामिल हुए। पहाड़ी बाबा से परिवार व जिले की खुशहाली की कामना की। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया गया। वहीं, संध्या में सात बजे जलाभिषेक रोक कर श्रृंगार पूजा किया गया। बेलपत्र, भांग, धतूरा, सुगंधित पुष्प आदि से दिव्य रूप से श्रृंगार किया गया। वही, 07.30 बजे भव्य महाआरती उतारी गई। इसके बाद पुनः दर्शन आरंभ हुआ। पूजा के दौरान भीड़ में तीन-चार श्रद्धालुओं को मामूली चोटें भी आयी। जिसे पहाड़ी मंदिर परिसर में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरहम-पट्टी कर उपचार किया गया। किसी को भी ज्यादा चोटें नहीं आयी थी। पहाड़ी मंदिर परिसर में देर रात दो बजे से ही दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बल मुस्तैद दिखे। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षा बलों के साथ पहाड़ी मंदिर विकास समिति व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दर्जनों कार्यकर्ता सुबह से शाम तक डटे रहे।

# सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब, शिवमय हुई राजधानी

### करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने किया बाबा का दर्शन-पूजन, 25 हजार ने किया पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक

**PHOTON NEWS RANCHI :** सावन की पहली सोमवारी पर राजधानी के शिवमय बनी रही। शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। अहले सुबह से ही शिवालयों के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। देर शाम तक करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलार्पण कर सुख समृद्धि की कामना की। सबसे ज्यादा भीड़ पहाड़ी मंदिर में देखने को मिला। यहां देर रात तीन बजे से ही कांवरियों व अन्य श्रद्धालु आने लगे। दिन के 11 बजे तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। बोल बम और पहाड़ी बाबा के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। भक्तों की सुविधा के लिए पहाड़ी मंदिर में अरघा सिस्टम से जलाभिषेक की व्यवस्था की गई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रात नौ बजे तक दर्शन-पूजन चलता रहा। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार के अनुसार संध्या तक 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा का जलाभिषे किया।

इसके अलावा पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर, चुटिया प्राचीन श्रीराम मंदिर, जैप वन, लोअर चुटिया सुरेश्वर महादेव, इक्कीसो महादेव, वर्दमान कंपाउंड शिव मंदिर, मोरहाबादी शिव मंदिर सहित शहर के तमाम शिवालयों में भीड़ रही। वाहन के प्रवेश पर रोक, जगह-जगह बैरिकेडिंग

पहाड़ी मंदिर के आसपास के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। रानी सती मंदिर लेन, रातू रोड से पहाड़ी मंदिर, हरमू रोड से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर एक भी वाहन को नहीं जाने दिया जा रहा था। सुबह 10 बजे तक इन मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसको देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

## रिटायर DSP समेत 34 पुलिस अफसरों को मिलेगा ACP और MACP योजना का लाभ

**CRIME REPORTER RANCHI :** रिटायर डीएसपी समेत 34 पुलिस पदाधिकारियों को एसीपी और एमएसीपी योजना का लाभ मिलेगा। डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसे लेकर डीआईजी कार्मिक के द्वारा सभी रेंज के डीआईजी को पत्र लिखकर कहा गया है कि जिन पुलिस पदाधिकारियों को एसीपी और एमएसीपी लाभ की स्वीकृति के लिए योग्य घोषित किया गया है। उनके मामले में सभी प्रकार की आगे की कार्रवाई वित्तीय सलाहकार गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग की सहमति के बाद पुलिस मुख्यालय से अपेक्षित आदेश निर्गत होने के बाद की जा सकती है। जिन पुलिस अधिकारियों को इस योजना का लाभ मिला है उसमें झ डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, मेजर, सार्जेंट मेजर और एएसआई रैंक के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं।

**इन्हें मिलेगा योजना का लाभ**

रिटायर डीएसपी परमानंद राम, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, कृष्ण मुरारी, रामेश्वर प्रसाद, विजय नारायण चौधरी, विजय शर्मा, गणेश झा, रामचंद्र राय, विष्णु शंकर शुक्ला, राम अयोध्या सिंह, शिवनंदन प्रसाद, बदन बैठा, राजेंद्र प्रसाद साहू, रामाशीष सिंह, रतन कुमार गुप्ता, बहादुर सोरेन, सभापति सिंह, प्रेमचंद आर्या, शंकर प्रसाद मांझी, डैनियल तिर्की, रमाशंकर पांडे, बैजनाथ ओझा, कपिल देव सिंह, गिरधारी प्रसाद केशरी, योगेंद्र प्रसाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र पासवान, अरुण कुमार शर्मा, शैलेश प्रसाद, सूर्य देव सिंह ,नरसिंह मुंडा, राजेश पासवान, हरेंद्र पासवान और सुधीर प्रसाद गुप्ता शामिल हैं।

### अभिषेक झा ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, मिली बेल

**RANCHI :** सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद सोमवार को निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ईडी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। मंगलवार को वह अदालत में सरेंडर कर नियमित जमानत का आग्रह करेंगे। साथ ही कोर्ट में 1-1 लाख के दो निजी मुचलके जमा करेंगे। मनरेगा घोटाला और मनी लांड्रिंग केस में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने सोमवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया साथ ही नियमित जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया। कोर्ट ने अभिषेक झा को एक- एक लाख के दो निजी मुचलके भरने का आदेश दिया। दरअसल 5 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने बेटी के इलाज के लिए अभिषेक झा को अग्रिम जमानत दी थी।

## आयुष्मान योजनाओं का लाभ देने में सदर अस्पताल तीसरे स्थान पर




**PHOTON NEWS RANCHI :** सदर अस्पताल आयुष्मान योजना में लाभ देने वाला देश का तीसरा अस्पताल बना है। यहां निजी डाक्टरों द्वारा सेवा दिलाने व बेहतर जांच व सर्जरी के बाद अस्पताल सुर्खियों में है। सरकारी अस्पतालों की तुलना में यह झारखंड का पहला सदर अस्पताल है जहां पर विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवा दे रहे हैं। सिविल सर्जन डा विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है, जो आयुष्मान भारत योजना से मिलने वाली राशि से दिया जा रहा है। इससे मरीजों को निजी डाक्टरों की सेवा यहीं पर सरकारी दर पर उपलब्ध हो रही है और आयुष्मान योजना का लाभ पूरी तरह मिल रहा है। गंभीर बीमारियों से लेकर अन्य जांच जो निजी स्तर पर काफी महंगा होता वो यहां पर मरीजों को बेहतर सुविधा के साथ लगभग निश्शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। ओपीडी में परामर्श मिलने के बाद अगर मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें आयुष्मान भारत योजना से जोड़कर भर्ती किया जाता है।

सिविल सर्जन ने बताया कि अभी मरीजों को और नए विभागों में इलाज कराने की सुविधा मिलेगी। नए ओपीडी खुलने से इलाज और बेहतर होगा।

### नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण

## CBI की ओर से बहस शुरू

**CRIME REPORTER RANCHI :** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सोमवार से सीबीआई की ओर से बहस शुरू हो गई। मामले में 17 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। बता दें कि पिछली सुनवाई में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से बनाए गए गवाह रिलायंस कम्यूनिकेशन, ईस्टर्न जोन की नोडल ऑफिसर मधुमिता गुप्ता की गवाही पूरी होने पर बचाव साक्ष्य बंद कर दिया गया था। अब सीबीआई की ओर से फाइनल बहस की जा रही है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मामले की सुनवाई चल रही है। आपकों बता दें कि रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार(विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहा है। आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी।

### रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमानत के लिए करना होगा इंतजार

## ED ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय, 17 जुलाई को होगी अगली सुनवाई



**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची में हुए आर्मी लैंड स्कैम के आरोपी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमानत के लिए अभी और इंतजार करना होगा। बीते तीन तारीख में उनकी ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई है। लेकिन कोर्ट को अभी नहीं लग रहा है कि उन्हें जमानत दी जाए। ऐसे में आज एक बार फिर छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। यह सुनवाई प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान ईडी का पक्ष विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने रखी। उन्होंने कोर्ट से इस मामले में जवाब देने के लिए समय की मांग की। कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए एक हफ्ते का समय दिया है। आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर पिछली सुनवाई तीन जुलाई को हुई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी से जवाब मांगा। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 10 जुलाई की तारीख सुनवाई के मुकर्रर की थी। आर्मी लैंड स्कैम मामले में छापेमारी के बाद ईडी ने दो बार छवि रंजन से पूछताछ की।

## अवैध खनन : टिंकल व भगत पांच दिनों की ED रिमांड पर

**CRIME REPORTER RANCHI :** अवैध खनन मामले में पत्थर कारोबारी टिंकल भगत और भगवान भगत को सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। ईडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने पूछताछ के लिए दोनों को पांच दिनों की रिमांड प्रदान की। इससे पूर्व आठ जुलाई को दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। ईडी की ओर से सात दिनों की रिमांड मांगी गयी थी, लेकिन कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि दोनों आरोपितों का अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अहम रोल है। इसलिए इनसे पूछताछ जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि टिंकल भगत मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए सात जुलाई को टिंकल भगत और भगवान भगत को गिरफ्तार किया था। पिछले साल 29 जुलाई 2022 को ईडी ने टिंकल भगत सहित छह लोगों के खदान की जांच भी की थी।

### इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

# INTERNET सेवा बंद करने के मामले में सरकार को नोटिस



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को राज्य के जिलों में कई मौकों पर अधिकृत अधिकारियों के द्वारा इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने इसे जनहित याचिका मानते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश क्यों प्रकाशित नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में हिंसा की आशंका को लेकर इंटरनेट सेवा अचानक बंद कर दी जाती है। इससे संबंधित अधिकारियों के आदेश को प्रकाशित किए बिना शहरों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाती है। इससे आम लोगों को इंटरनेट बंद होने की जानकारी नहीं मिल पाती है। जबकि इंटरनेट बंद होने की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट अनुराधा बाशिन बनाम केंद्र सरकार में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इंटरनेट सेवा बंद होने का संबंधित अधिकारी

## HC ने स्वास्थ्य मंत्री के भाई सहित 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने के मामले में मांगी केस डायरी

**RANCHI :** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पुलिस एवं सीआईडी दोनों की केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। इस मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी हो गई, वहीं मामले में पीड़िता (सूचक ) की ओर से बहस जारी रही। बता दें कि 16 प्रार्थियों की ओर से पूर्व में ही बहस पूरी हो चुकी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक बरकरार रखी है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की, वहीं पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की। दरअसल, पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी।

## प्रेम प्रकाश की याचिका पर सुनवाई ईडी ने कोर्ट में दाखिल किया जवाब

**RANCHI :** 1000 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। प्रार्थी ने ईडी के जवाब पर प्रतिउत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की कोर्ट ने मामले की सुनवाई 25 जुलाई निर्धारित की। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 4/ 2022 दर्ज किया है। बता दे कि ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने प्रेम प्रकाश के डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। साथ ही उनके खिलाफ अदालत ने आरोप भी गठित कर दिया है। प्रेम प्रकाश ने खुद को निर्दोष बताते हुए ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने एवं उन पर आरोप गठित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### BRIEF NEWS

### जमीन पर कब्जा करने के आरोप में मामला दर्ज

**RANCHI :** सदर इलाके में रहने वाले वसीम रजा ने अनिसुल रहमान समेत कई लोगों पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। वसीम रजा ने पुलिस को बताया कि आरोपित जमीन पर कब्जा करने आए थे तो उनका विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट किया और फिर भाग निकले। वहीं अनिसुल का आरोप है कि वह अपनी जमीन पर काम कर रहा था। तभी वसीम और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और मारपीट करने लगे। पुलिस का कहना है कि दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज हो गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### लोहा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने भेजा जेल

**RANCHI :** सदर थाना की पुलिस ने लोहा चोरी करने के आरोप में अख्तर अंसारी को गिरफ्तर कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अख्तर के खिलाफ महिला सीता ने मामला दर्ज कराया है। सीता ने पुलिस को बताया कि उसके घर से आरोपी लोहा ले जा रहा था। सीता ने आरोपी को रोका तो वह भागने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान 100 से अधिक वाहनों की हुई जांच

**RANCHI :** रांची के अलग-अलग जगहों पर सोमवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी डीएसपी अमित कुमार ने करमटोली चौक के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 100 से अधिक वाहनों की जांच की गयी। सभी बाइक, स्कूटी की डिक्की एवं चार पहिया वाहनों की भी जांच की गयी। डीएसपी ने बताया कि लगातार अलग-अलग स्थानों पर जांच की जा रही है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को भी कई दिशा-निर्देश दिये गये है। बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### लेखिका लोकृती गुप्ता अनोखी को मिला पुरस्कार

**RANCHI :** ऑल झारखंड आर्टिस्ट एंड कल्चर एसोसिएशन (एजेएसीए) की ओर से सुप्रसिद्ध लेखिका व कवयित्री लोकृती गुप्ता अनोखी को उनके उपन्यास ह्यक्योंकि तुम्ह ही होह्व के लिए बेस्ट राइटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उनका चयन संगठन के अध्यक्ष रंजीत बिहारी प्रसाद, संरक्षक राजेश साहू, सचिव मेहुल प्रसाद और पूरी टीम ने इस अवार्ड के लिए किया। लोकृती गुप्ता ने सब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां पुरस्कृत होना उनके लिए सौभाग्य की बात है और वो अपने भीतर एक नयी प्रेरणा और ऊर्जा का अनुभव कर रहीं हैं ।

### अब रांची में बच्चों के लिए खुलेंगे एक्टिंग स्कूल

**RANCHI :** नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के स्नातक और नाट्य विशेषज्ञ संजय लाल बच्चों के लिए एक्टिंग स्कूल खोलने जा रहे हैं। यह स्कूल ओल्ड कमिश्नर कंपाउंड में स्थित लिटिल एंजल स्कूल में चलेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार को स्कूलों की छुट्टियां रहती हैं और यह देखा गया है कि इन दो दिनों में अधिकतर बच्चे अपना बहुमूल्य समय मोबाइल देखने में गुजार देते हैं। जबकि मोबाइल की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन कई तरह की घातक बीमारियों का कारण बन सकती है। इससे अच्छा है कि बच्चे इसका सदुपयोग रचनात्मक कार्य में करें।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

THE PHOTON NEWS



BRIEF NEWS

### काउंसलिंग का उद्देश्य बच्चों को भविष्य के लिए बेहतर जानकारी देना है : आशीष कुमार



**BHURKUNDA:** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित टीचर अकादमी और इंग्लिश अकादमी के तत्वावधान में सोमवार को संस्था प्रांगण में करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान अकादमी के संस्थापक आशीष कुमार व शिक्षक सिकंदर द्वारा बच्चों को बेहतर करियर के बावत विस्तार पूवग्क जानकारी दी गई। आशीष कुमार ने कहा कि काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर गाईडेंस करना है। ताकि बच्चे सही जानकारी लेकर आगे की पढ़ाई में बेहतर कर अपना भविष्य संवार सकें। काउंसलिंग के दौरान पंजाब के अंबाला से आए गुरुनानक इंस्टीच्युट के संथापक धर्मेंद्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर धर्मेंद्र सिंह के सहयोगी अशोक कुमार सिंह भी मौजूद थें। काउंसलिंग के दौरान बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

### 12 को नए कनेक्शन का कैम्प लगाएगा विद्युत विभाग, अन्य कार्य भी शीघ्र होंगा पूरे : अम्बा प्रसाद



**RAMGARH:** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बड़कागांव के विधायक अम्बा प्रसाद से पतरातू स्थित उनके आवास सह कार्यालय परिसर में मुलाकात की। ज्ञात हो कि भुरकुंडा बाजार से संबंधित बिजली, रोड, शौचालय, पेयजल, स्टैंड पोस्ट एवं लाइट जैसी समस्याओं के बाबत रामगढ़ चैंबर ने विधायक अंबा प्रसाद से लगातार पत्राचार एवं भेंटकर उपरोक्त कार्यों को शीघ्र कराने की मांग की थी। इसी क्रम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उनसे समस्या के समाधान करने की मांग में बावत मुलाकात की है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने चेंबर प्रतिनिधियों को आस्वस्त करते हुए कहा कि भुरकुंडा बाजार के नए बिजली कनेक्शन हेतु विभाग के द्वारा 12 जुलाई को कैम्प लगाने की सहमति मिली है। साथ ही बाजार के आंतरिक हिस्सों हेतु पीसीसी रोड, शौचालय, लाइट एवं पेयजल स्टैंड पोस्ट कार्य के शुरूवात विधायक मद से शीघ्र ही पूरा करा दिया जायगा। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा उनके कार्यालय परिसर में ही विधायक अम्बा प्रसाद को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विधायक से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में निवर्तमान चेंबर अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, सचिव मनोज चतुर्वेदी उर्फ मानू, मनजीत साहनी, मुरारी लाल अग्रवाल, विनय कुमार सिंह, दिलीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक कुमार, शिव कुमार गुप्ता, जय प्रकाश सिंह, संजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल आदि शामिल थें।

### पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने किया दिव्यांग जांच शिविर का उद्घाटन



बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति रामगढ़ जिला कमेटी के द्वारा शहर के गोला रोड स्थित तुलसी देवी स्मृति भवन में दिव्यांगजनों का एक दिवसीय निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में रामगढ़ सदर अस्पताल से आए डॉ राहुल बेरलिया, डॉ प्रीतिश प्रणय, डॉ कृति सिन्हा,डॉ उपेंद्र कुमार,डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांग जनों का जांच किया।

## हर हर महादेव, ऊः नमः शिवाय जैसे भक्ति जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

# पहली सोमवारी पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सोमवार को श्रावण माह के पहली सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र व प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान हर हर महादेव, ऊः नमः शिवाय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा।

पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अमन-चैन और हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर, सयाल मोड शीतला मंदिर, पटेलनगर शिव मंदिर व गायत्री मंदिर, हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर सहित क्षेत्र के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही जुटे रहें। वहीं सावन माह के पहली सोमवारी पर भुरकुंडा, रिभर साईड, लपंगा, चैनगडा, सौंदा डी, हॉस्पीटल कॉलोनी, कुरसे, चिकोर, लादी, देवरिया, मतकमा, पाली, निमी, सुद्दी, बलकुदरा, बासल आदि क्षेत्रों के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी सोमवारी पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा शिवलोक धाम मरासिल्ली

**RANCHI :** सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ रहीं। नामकुम के उनिडीह स्थित शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर देर रात से शिवभक्त पहुंचने लगे थे। सुबह से ही लंबी कतार में खड़े होकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा विधि व्यवस्था की गई थी। कड़ी धूप में भी शिवभक्तों ने हर हर महादेव, ऊं नमः शिवाय का जयघोष करते हुए बारी-बारी से पूजा की। वहीं सिदरौल जोड़ा मंदिर, चाय बगान विश्वनाथ मंदिर, इक्कीसों महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की गई।

## पहली सोमवारी पर बुढ़वा महादेव मंदिर में हुई पूजा



पुरोहित के साथ पूजा-अर्चना में शामिल भक्तगण • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रावण के पहली सोमवारी पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव की पूजा की गई। साथ क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भीड़ उमड़ी रही। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बम-बम भोले आदि आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा दर्जनों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में बुढ़वा महादेव कमेटी के अशोक तिवारी, गणेश साव, रुदल राउत, सुनील कुमार बैठा, विपुल पटेल, उज्वल उपाध्य, भीखन रजवार, गिन्नी प्रसाद, अशोक राम, शशि भूषण दुबे, श्यामा रजवार, रंजीत राम, गोपाल करमाली, महेंद्र पाठक, प्रकाश गोसाई, राजेंद्र कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

### जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**PHOTON NEWS RAMGARH:** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मतदान पत्र, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बिरसा विकलांग उत्थान जिला कमेटी ने किया दिव्यांग जांच शिविर का उद्घाटन

**RAMGARH:** बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति रामगढ़ जिला कमेटी के तत्वावधान में शहर स्थित तुलसी देवी स्मृति भवन में दिव्यांगजनों का एक दिवसीय निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में रामगढ़ सदर अस्पताल से आए डॉ राहुल बेरलिया, डॉ प्रीतिश प्रणय, डॉ कृति सिन्हा, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांग जनों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिये।

## सांसद जयंत सिन्हा कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों को उपलब्ध करवा रहे राशन



**PHOTON NEWS RAMGARH:** सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति श्री जयंत सिन्हा जी सदैव हजारीबाग व रामगढ़ वासियों के उत्थान हेतु कार्यरत रहते हैं। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने विभिन्न माध्यमों से क्षेत्रवासियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु साधन उपलब्ध करवाए हैं। उन्हीं के प्रयास व सहयोग से अब कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके बच्चों को सहायता मुहैया करवाई जा रही है। फीडिंग इंडिया व जोमाटो इसमें सीएसआर मद से सहयोग दे रहे हैं। इसमें बच्चों को एजुकेशन किट दी गई है, जिसमें ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने हेतु लगभग 20 हजार की टैबलेट है। साथ ही बच्चों को अनएकैडमी का एक साल के निशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ स्टेशनरी भी दी गई है। साथ-साथ इन बच्चों को पूरे एक वर्ष तक राशन उपलब्ध करवाया जायेगा।

उन्हें बेहतर पोषण मिले इसके लिए मोटा अनाज समेत बाजरे व रागी के लड्डू भी दिए जा रहे हैं। जयंत सिन्हा जी के हजारीबाग के डेमोटांड़ स्थित आवास में 9 जुलाई को लगभग 50 बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया गया। उन्हें हर माह यह राशन मुहैया करवाया जा रहा है। इससे बच्चों व उनके परिवार की काफी सहायता हो रही है। इस कार्य के लिए बच्चे व उनके परिजन सांसद महोदय को धन्यवाद दे रहे हैं। जयंत सिन्हा जी ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में हम बच्चों को बेहतर शिक्षा, भोजन व सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

## जल्द सुरू होगी बरका-सयाल की जीवनधारा सहित अन्य परियोजनाएं : रोशनलाल चौधरी



सीएमडी को बुके देकर स्वागत करता संघ का प्रतिनिधिमंडल • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशनलाल चैधरी एवं आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में एजेकेएसएस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी जी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बुके देकर सीएमडी का स्वागत करते हुए बरका-सयाल एवं अरगड़ा एरिया की विभिन्न बंद पड़ी कोल परियोजनाओं को चालू करने एवं श्रमिकों को विभिन्न समस्याओं को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर रोशनलाल चैधरी ने बताया की बरका-सयाल एरिया की जीवनधारा कोल परियोजना एवं अरगडा एरिया के काजू बगान सहित दोनों एरिया की विभिन्न बंद पड़ी परियोजनाओं को चालू करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई है। सीएमडी ने जल्द ही उक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन की बात कही है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द जीवनधारा एवं काजू बगान कोलियरी चालू होगी। चैधरी ने कहा कि अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्र के विकास एवं मजदूरों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। कोलियारियों का अस्तित्व बचा रहे ताकि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होते रहें। उन्होंने कहा कि बाजार का उत्थान, युवाओं को रोजगार, देश की अर्थव्यवस्था कोयला क्षेत्र के संबंधित कोलियरियों से चालू रहने से सुदृढ़ होगी। सामाजिक उत्थान और समग्र विकास हीं हमारे राजनीति की मूल उद्देश्य है। सीएमडी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सह आजसू के केंदीय महासचिव रोशनलाल चैधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो सहित अरविंद कुमार साहू, नान्हूं सिंह आदि शामिल थें।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत होगा दूसरा 15 दिवसीय शिविर का आयोजन

### 20 जुलाई से 2 अगस्त तक किया जाएगा कुपोषित बच्चों का उपचार

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत दूसरा 15 दिवसीय शिविर का आयोजन पतरातू प्रखंड के कोतो एवं पालू पंचायत क्षेत्र में किया जाएगा। इस दौरान अंबाटोला, दाड़ीडीह, रोचाप दोकाटांड, रोचाप ऊपर टोला एवं रोचाप मुस्लिम टोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर करते हैं हुए क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के कुपोषण जांच के लिए 14 जुलाई से 17 जुलाई तक स्क्रीनिंग का कार्य किया जाएगा जिसके उपरांत 19 जुलाई से 2 अगस्त तक कुपोषित बच्चों के उपचार का कार्य किया जाएगा।

### स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं

**विस्तृत कवरेज**

एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

**भंडार कक्ष**

यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य**

यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

**लक्षित समूह**

उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे

**सेवाएं**

चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

**नियमित भोजन**

कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपायुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा।

**टेलीमेडिसिन**

यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ- साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

### सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# RAMGARH में डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के प्रति किया गया ग्रामीणों को जागरूक




**PHOTON NEWS RAMGARH:** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के पंचायत भवन, लइयो उत्तरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है।

**क्या है डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001**

डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को 'डायन' के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम् तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुमार्ने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा। प्रताड़ित करने का हजार्ना-यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रुपए तक जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। डायन की पहचान में दुष्प्रेरण - ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को 'डायन' के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुँचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रुपए के जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। डायन का उपचार- किसी भी डायन के रूप में पहचान की गई औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुँचाकर अथवा प्रताड़ित कर 'झाड़फुंक' या फिर 'टोटका' द्वारा उराके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे एक साल की कारावास का सजा अथवा दो हजार रुपए तक के जुमार्ने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा। विचारण की प्रक्रिया-इस अधिनियम के सभी अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती होंगे

## प्रथम सोमवारी के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो के साथ खीर बाटते लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** पावन श्रावण मास के प्रथम सोमवारी के अवसर पर कैथा प्राचीन शिव मंदिर में पहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर समिति के द्वारा के लिए खीर महाभोग का आयोजन किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि श्रावन मास में प्राचीन शिव मंदिर में विभिन्न जगहों के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं और भगवान का दर्शन पूजन करते हैं। इस अवसर पर हम आयोजन समिति के द्वारा भक्तों के लिए खीर महाभोग का आयोजन किया गया। वहीं पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा प्राचीन शिव मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट आस्था है। भगवान शिव के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है।इस अवसर पर सचिव राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष रतन राम, डिया महतो, छोटेलाल महतो, संदीप महतो, मनोज कुमार, सहसचिव अमित कुमार दास, अजय आस्था, पंचम महतो, अजय चौधरी, मदन करमाली आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

## बमामाईंस केपीएस के बाहर छात्रों में मारपीट

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के बमामाईंस स्थित केरला पब्लिक स्कूल (केपीएस) के बाहर छात्रों के दो गुटों के बीच सोमवार को जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बाहरी युवक भी इस मारपीट में शामिल हुए। दोनों पक्षों के बीच लात घूंसे चले। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी छात्र मौके से फरार हो गए। इस घटना में दोनों पक्ष के छात्रों को चोट आई है। बताया जाता है कि स्कूल परिसर में ही दो पक्षों में बहस हुई थी, जिसके बाद स्कूल के बाहर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। यह पहला मौका नहीं है जब स्कूल के बाहर छात्रों के बीच मारपीट हुई है। इसके पूर्व भी छात्र आपस में भिड़ चुके हैं।

## डीबीएमएस स्कूल बना फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल ऑल इंडिया इंटर स्कूल डिबेट का विजेता



JAMSHEDPUR : लोयोला स्कूल में सोमवार को आयोजित फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल ऑल-इंडिया इंटर स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता 2023 में डीबीएमएस स्कूल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल ऑल-इंडिया इंटर स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता फ्रैंक एंथोनी के सम्मान में आयोजित की गई। फ्रैंक एंथोनी कॉउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के संस्थापक थे। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुल 9 स्कूलों ने हिस्सा लिया। इस प्रकार, लोयोला स्कूल ने श्रेणी 2, चरण 1 स्तर पर पूल बी-17 के लिए बहस की मेजबानी की। इस बहस में 9 लोगों की प्रतिक्रिया देखी गई। टीमें अर्थात एलएफएस, सेंट एंथोनी अकादमी, केपीएस कदमा, केपीएस गम्हरिया, जेएच तातापोर, एसकेपीएस, कॉर्मेल जूनियर कॉलेज, लोयोला स्कूल भुवनेश्वर और डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल शामिल थे। सोवार को आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था झ ह्लफेसबुक मित्र वास्तविक मित्रों से कहीं अधिक वास्तविक मित्र बन गए हैंह्व। इस प्रतियोगिता में जज की भूमिका डॉ। शांतनु चक्रवर्ती, सुमिता मानिकतला और डॉ। सुजाता मित्रा ने निभाई। वाद-विवाद प्रतियोगिता का संचालन शमिता आहूजा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल के स्वागत भाषण से हुई। प्रतियोगिता में डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रियांशु कुंडू को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया। वहीं कॉर्मेल जूनियर कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। डेमिरा ओशोन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

## जन सत्याग्रह ने सब्जी विक्रेताओं के बीच किया छाता का वितरण



JAMSHEDPUR : सामाजिक संस्था जन सत्याग्रह के द्वारा बरसात के मौसम में फुटपाथ पर बारिश में भींगकर सब्जी बेचने वाले गरीब सब्जी विक्रेताओं और स्लम बस्ती में रहने वाले स्कूली बच्चों के बीच छाता का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष मनजीत कुमार मिश्रा ने सभी लोगों से छापा का सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष गरीबों के बीच कंबल, वस्त्र, खाद्य सामग्री का वितरण किया जाता है। इस बरसात में सभी के बीच छाता का वितरण किया गया।

# MANGO गैंगवार : पुलिस ने 7 अपराधियों को पकड़ा, बड़ी संख्या में हथियार बरामद

## मानगो में मछली कारोबारी से रंगदारी वसूली को लेकर हुआ विवाद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : मानगो में मछली कारोबारी से रंगदारी वसूली को लेकर हुई गैंगवार मामले में पुलिस टीम ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इसका खुलासा सोमवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान की। उन्होंने ने बताया कि इन अपराधियों के पास से पुलिस ने दो देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, 5 पीस जिंदा गोली, पांच पीस खोखा, एक बाइक, एक स्कूटी, 6 मोबाइल फोन आदि पुलिस ने बरामद किया है।



हथियार के साथ गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

मामले का उद्भेदन करने में मानगो थाना प्रभारी विनय कुमार के अलावा साकची थाना प्रभारी संजय कुमार और सीतारामडेरा थाना प्रभारी भूषण कुमार ने अहम भुमिका निभायी है। मामले की मॉनिटरिंग खुद ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत कर रहे थे।

**इनकी हुई है गिरफ्तारी :** गैंगवार में कुंदन सिंह उर्फ भोंदु और माशूक मनीष गैंग शामिल था। इसमें माशूक मनीष गैंग से पुलिस ने मानगो दाइगुट्टू का अंकेश कुमार उर्फ बाबु को गिरफ्तार किया है। इसी तरह से कुंदन गैंग से उलीडीह टैंक रोड का कुंदन सिंह के अलावा मानगो शांति निवास के पीछे का अमन ठाकुर उर्फ डेंगू, टैंक रोड का जितेंद्र कुमार साहु, आकाश नामता उर्फ कलाकार, साकची जेल चौक पियुन कॉलोनी का पंकज कुमार सिंह, उलीडीह टैंक रोड का राकेश सिंह सरदार उर्फ पाकडू शामिल है।

**पकड़े गए 5 बदमाशों का है आपराधिक इतिहास :** एसएसपी ने बताया कि कुंदन के खिलाफ उलीडीह थाने में पांच मामले जबकि परसुडीह थाने में 2 मामले और मानगो थाने में एक मामला दर्ज है। पहली बार कुंदन परसुडीह थाने से 2012 में जेल गया था। वहीं आकाश नामता के खिलाफ उलीडीह थाने में तीन मामले दर्ज है। जबकि अमन ठाकुर के खिलाफ उलीडीह थाने में 3 मामले दर्ज हैं। जितेंद्र साहु पर दो मामले उलीडीह थाने में दर्ज है। जबकि पंकज के खिलाफ साकची थाने में एक मामला दर्ज है।

# बरामद रुपये गबन मामले में दोषी पुलिस कर्मियों पर होगी कार्रवाई : एसएसपी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत राजीव चौक के पास 10 जून को छापेमारी के दौरान जब्त आठ लाख की जगह साकची पुलिस द्वारा 1.41 लाख रुपये दिखाए जाने और रुपयों के गबन के मामले में एसएसपी प्रभात कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। इस मामले की जांच एसएसपी ने ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत को सौंपी है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। अगर मामले में कोई भी पुलिस कर्मी दोषी पाया जाता है तो उसपर कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी के दौरान साकची थाना के दारोगा एसआई दीपक कुमार मौर्या, कामता कुमार, राजा दिलावर, योगेश कुमार यादव, जितेंद्र राम, बाल कृष्णा और अमन कुमार शामिल थे। आरोप है कि 10 जून को छापेमारी के दौरान कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और सात से आठ लाख रुपये बरामद किए गए थे। पर सभी ने आपस में रुपये बांट लिए और महज 1.41 लाख रुपये ही जब्ती में दिखाए। बताया यह भी जा रहा है कि रकम आठ लाख रुपए से ज्यादा थी।

### विधायक सरयू राय ने सड़क निर्माण योजना का किया शुभारंभ

# 9 लाख 67 हजार के फंड से दुरुस्त होंगी रिफ्यूजी कॉलोनी की सड़कें

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : गोलमुरी के रिफ्युजी कॉलोनी स्थित विभिन्न सड़कों पर पेवर्स ब्लॉक बिछाने का काम जल्द पूरा हो जायेगा। सोमवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने 9 लाख 67 हजार रुपये के अपने

विधायक फंड से विभिन्न सड़कों पर पेवर्स ब्लॉक बिछाने की योजना का शिलान्यास किया। इस संबंध में कई दिनों से कॉलोनी के लोगों ने विधायक से मिलकर आग्रह किया था कि रिफ्युजी कॉलोनी में विभिन्न सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। इसका शीघ्र मरम्मती करवाना अति आवश्यक है। इस पर विधायक ने आश्वस्त किया था कि जल्द ही सड़कों का



सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते सरयू राय। ● फोटोन न्यूज

निर्माण कराया जाएगा। इसके पश्चात उन्होंने इसके क्रियान्वयन अपने निधि से करने की अनुशंसा भेजी थी। उन्होंने कहा कि वे प्रयासरत हैं कि कॉलोनी में सिवरेज-ड्रेनेज सिस्टम को भी दुरुस्त किया जाए। इस अवसर पर भाजमो गोलमुरी मंडल के अध्यक्ष कैलाश झा, आसीम पाठक, सुशील खड़का, अनिकेत सावरकर, सतनाम सिंह, मनमीत लुथरा, अमित खरबंदा, अनिल पावा, जगमीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# शिव का जलाभिषेक कर जा रही महिला की झपट ली चेन, घटना सीसीटीवी में कैद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : लौहनगरी में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधी तत्व बेलगाम होकर घूम रहे हैं और पुलिस मौन साधे बैठी है। यही वजह है कि लगातार शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। दो दिन पूर्व ही पुलिस ने चड्डी बनियान गिरोह के आठ लोगों को जेल भेजकर दावा किया था कि अपराध में कमी आएगी। हुआ ठीक उल्टा। 48 घंटे में ही बिरसानगर में दिनदहाड़े बदमाशों ने महिला के गले से 15 ग्राम के सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए।

महिला लोयोला स्कूल के नजदीक शुभम मेडिकल के पास से सुबह सावन की सोमवारी पर पूजा करने शिव मंदिर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो



बदमाश आए और महिला के गले से चेन छीन कर फरार हो गए। यह पूरा वाकया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस इसके आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है।

**महिला के गले में लगी चोट:** जिस महिला के साथ यह घटना हुई है वह भाजपा नेता अंकित आनंद की मामी उमा पांडेय हैं। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। वीडियो में बाइक सवार दो बदमाश घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। चेन झपटने की घटना में महिला जख्मी भी हुई। उनके गले में खरोच आई है। प्राथमिक उपचार करने के बाद पीड़ित महिला थाना पहुंची। जहां अज्ञात के खिलाफ शिकायत की। दिन दहाड़े घटित घटना को लेकर लोगों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। लोगों की मानें तो आए दिन इस प्रकार की घटना हो रही है। पुलिस कुछ नहीं कर रही है।

**3 जुलाई को टाटा मोटर्स के डीजीएम की मां के साथ हुई थी छिनतई :** बिरसानगर थाना में चेन छिनतई की यह 8 दिनों के अंदर दूसरी घटना है। 3 जुलाई को बिरसानगर थाना अंतर्गत हुरलुंग स्थित आस्था ट्विन सिटी के रहने वाले टाटा मोटर्स के डीजीएम नीरज कुमार वर्मा की मां के गले से अपराधियों ने सोने की चेन छीन ली थी। उस समय महिला आस्था ट्विन सिटी के गेट नंबर 1 के सामने पार्क में टहलने के बाद वापस घर लौट रही थी। इस दौरान दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर आए और उनके गले से चेन व लॉकेट छीनकर भाग निकले। पुलिस अभी इस मामले में भी किसी को नहीं पकड़ सकी है।

# लौहनगरी में हर्षोल्लास के साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक



साकची शिव मंदिर में पूजा करते भक्त। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : भगवान भोलेनाथ का प्रिय महीना सावन की पहली सोमवारी को शहर के सभी शिव मंदिरों में भगवान शिव का हर्षोल्लास के साथ जलाभिषेक किया गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान शिव की पूजा की। सोमवारी को लेकर मंदिरों में विशेष भीड़ थी। इससे पहले शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों का मंदिरों में आना शुरू हो गया था। साकची शीतला मंदिर, शिव मंदिर, मनोकामना मंदिर, टेल्को स्थित भुबनेश्वरी मंदिर, बरीडीह शिव मंदिर समेत मानगो, कदमा, जुगसलाई, बागबेड़ा के विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। भीड़ पर आस्था भारी पड़ा।

भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फूल, धतूरा, भांग समेत विभिन्न प्रकार के प्रसाद चढ़ाया। सोमवारी पूजा को लेकर मंदिर समिति ने भी सहयोग में हाथ बढ़ाया। पूजा को शहर के सभी मंदिर समितियों ने भक्तों की सुविधा के लिए व्यापक तैयारी की थी। ज्यादा भीड़ होने पर उन्हें लाइन लगाकर मंदिर में प्रवेश कराया गया।

### दिनभर मंदिरों में बजते रहे डीजे पर भक्ति गीत

सोमवारी के सुबह से ही शहर भर के मंदिरों में भगवान शिव के भजन डीजे बजते रहे इस दौरान दिनभर एक से बढ़कर एक भक्ति गीत बजते रहे। शाम के समय सभी मंदिरों को रंग बिरंगे लाइट्स जलते रहे।

# आरआईटी पुलिस ने चोरी व छिनतई के मामले का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : आरआईटी थाना पुलिस को दो बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने दो मामलों का खुलासा करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की पकड़ में आए युवकों का नाम रिंटू कुमार, अनिल सरदार उर्फ गोरा सरदार एवं बगीरा महतो उर्फ दीपू महतो बताया जा रहा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सरायकेला जिला मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने बताया कि पिछले महीने 28-29 जून की रात्रि को मीरूडीह स्थित जेबीबी कॉम मोबाइल दुकान में चोरी की घटना घटित हुई थी। जहां से 27 ब्रांडेड नए मोबाइल पांच स्मार्ट वॉच और एक हेडफोन की चोरी हुई थी। मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया गया था।

**16 मोबाइल व दो स्मार्ट वॉच बरामद :** एसडीपीओ ने बताया कि टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आदित्यपुर थाना अंतर्गत चावला मोड़ से रिंटू कुमार नामक युवक को 6 मोबाइल एक हेडफोन और एक स्मार्ट वॉच बिक्री करते पकड़ा। पूछताछ के क्रम में युवक ने जेबीवी कॉम मोबाइल दुकान में चोरी की बात



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ और आरोपी युवक। ● फोटोन न्यूज

स्वीकार कर ली। बाकी बचे मोबाइल के संबंध में पूछे जाने पर उसने बताया कि सभी मोबाइल उसके घर में रखे हैं। जहां से तलाशी के क्रम में बाकी 16 मोबाइल एवं दो स्मार्ट वॉच बरामद किए गए। चार मोबाइल की तलाश की जा रही है।

**थाना प्रभारी को अवार्ड देने की अनुशंसा करने की जानकारी दी गई :** दूसरी घटना के संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे आरआईटी के नेपाली बस्ती के समीप चंदू कुमार राम के साथ चाकू के बल पर मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसकी शिकायत दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में अनिल सरदार उर्फ गोरा सरदार एवं बगीरा महतो उर्फ दीपू महतो को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू और छीना गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बताया जाता है कि अनिल सरदार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और कई कांडों में वह जेल भी जा चुका है। एसडीपीओ ने आरआईटी थाना पुलिस के कार्यों की सराहना की और थाना प्रभारी को अवार्ड देने की अनुशंसा किए जाने की जानकारी दी है। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ के साथ आरआईटी प्रभारी सागरलाल महथा भी मौजूद थे।

# तालाब भरने वाले भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बागबेड़ा थानान्तर्गत हरहरगुटू सोमाय झोपड़ी में सरकारी व निजी तालाब भरकर प्लॉटिंग किए जाने की शिकायत उपायुक्त विजया जाधव एवं एसडीएम पीयूष सिंहा से की गई है। स्थानीय निवासी सह आरटीआई कार्यकर्ता राजू कुमार श्रीवास्तव ने इसकी शिकायत की। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले भी इसकी उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। जिसके बाद भू-माफियाओं ने तालाब भरने का काम बंद कर दिया था। लेकिन प्रशासनिक शिथिलता के बाद पुनः जोर-शोर से तालाब भरे जाने का काम चल रहा है। घाघीडीह मौजा के खाता संख्या 1075, प्लॉट संख्या 2096 एवं 2099 को भू-माफियाओं ने भर दिया है। उन्होंने उपायुक्त से इस पूरे मामले की गहनता से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

**डीसी ने दिया जांच का आदेश :** उपायुक्त विजया जाधव के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने राजू कुमार श्रीवास्तव को इस मामले की जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। राजू कुमार श्रीवास्तव ने उपायुक्त को बताया कि स्थानीय मुखिया भरत जोड़ा भू-माफियाओं से



भू-माफिया द्वारा भरा गया तालाब। ● फोटोन न्यूज

सांठ-गांठ करके सरकारी जमीन लूटवा रहे हैं। उपायुक्त के आदेश से सरकारी जमीन पर लगे बोर्ड को भू-माफियाओं के द्वारा उखाड़े जाने के बाद मुखिया ने दिखावा के लिए वहां दूसरा बोर्ड लगवाया। लेकिन बोर्ड में जमीन के रकबा का जिक्र नहीं किया। क्योंकि मुखिया की इसमें संलिप्तता है। उन्होंने बताया कि सरकारी जमीन अतिक्रमण से बचाने के लिए अंचल कार्यालय की ओर से स्थानीय थाना (बागबेड़ा) को कहा गया। लेकिन थाना की ओर से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञात हो कि दैनिक शुभम संदेश ने सोमाय झोपड़ी में सरकारी व निजी तालाब भरे जाने तथा प्लॉटिंग कर बेचे जाने की खबर कई अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

### KARIM CITY COLLEGE के हिंदी विभाग में किया गया प्रेमचंद जयंती का आयोजन

# मुंशी प्रेमचंद्र की रचनाएं आज भी प्रासंगिक, युवाओं को इन्हें पढ़ने व समझने की जरूरत: Dr. BN Tripathi

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : करीम सिटी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा सोमवार को प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा का विषय प्रेमचंद और आज था।

उक्त कार्यक्रम में हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ संध्या सिन्हा ने स्वागत भाषण देते हुए प्रेमचंद की रचनाओं में रेखांकित समस्याओं का उल्लेख करते हुए वर्तमान काल मे उनकी प्रासंगिकता के बारे में बताया कि आज भी रूप बदलकर बेमेल विवाह, दहेजप्रथा, डायन प्रथा, जातिगत भेदभाव और



प्रेमचंद जयंती समारोह में उपस्थित प्राध्यापक व विद्यार्थी। ● फोटोन न्यूज

औद्योगिकरण से उपजी समस्याएं उपस्थित हैं जो प्रेमचंद को पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित करती हैं। इसके बाद हिंदी प्रतिष्ठा सेमेस्टर 3 की छात्रा अंजली मुर्मू ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। हिंदी प्रतिष्ठा सेमेस्टर 3 के छात्र राहुल कुमार सिंह ने प्रेमचंद के उपन्यास और उनकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा किया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र गुप्ता ने प्रेमचंद की रचनाओं की सारगर्भित चर्चा देश की आजादी तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बांग्ला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी एन त्रिपाठी जी ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ त्रिपाठी ने बताया कि देश की आजादी और स्वाभिमान का प्रश्न प्रेमचंद और शरतचंद्र के साथ उस काल के तमाम समर्थ साहित्यकारों का मुख्य विषय रहा। प्रेमचंद जीवनभर देश की आजादी, सामाजिक समन्वय और समानता के लिए लेखनी चलाते रहे। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। युवाओं को इन्हें पढ़ने व समझने की जरूरत है।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ फिरोज आलम धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अपने वक्तव्य में प्रेमचंद की रचनाओं में निहित मानव मूल्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा त्रिपाठी ने किया।

# महिला विवि में जीएसटी पर टॉक शो आयोजित

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ. अंजिला गुप्ता के मार्गदर्शन में बीबीए क्लब द्वारा जीएसटी दिवस (8 जुलाई) के अवसर पर टॉक शो का आयोजन किया गया था। उन्होंने जीएसटी की एकरूपता के बारे में चर्चा की जो निमार्ता और उपभोक्ता की जरूरतों को पूरा करेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डीन एवं प्रमुख डॉ. दीपा शरण ने आधुनिक भारतीय बाजार में जीएसटी के महत्व पर चर्चा की। वहीं सीवीसी डॉ. अन्नपूर्णा झा ने जीएसटी के विभिन्न स्लैब और जीएसटी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लीकेज प्रूफ प्रणाली के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी किस प्रकार करों के बोझ को कम करता है और कर भुगतान का अनुपालन सुनिश्चित करता है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी कर के स्वचालित पारिस्थितिकी तंत्र को सुनिश्चित करता है और जीएसटी के कार्यान्वयन के बाद लोग अधिक एकीकृत होते हैं। उन्होंने जीएसटी के तहत कर की एकरूपता पर चर्चा करते हुए बताया कि जीएसटी यह सुनिश्चित करता है कि अप्रत्यक्ष कर की दरें और संरचनाएं पूरे भारत में एक समान हैं। कैस्केडिंग को हटाने पर उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्य की सीमाओं के पार, मूल्य श्रृंखला में निर्बाध कर क्रेडिट की एक प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि करों का न्यूनतम कैस्केडिंग हो। अग्रवाल ने कहा कि व्यापार के लिए लेनदेन व लागत में कमी से अंततः व्यापार और उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धात्मक सुधार होंगे।

# चांद की ओर भारत

यह देश के लिए बड़ी खुशखबरी है कि 14 जुलाई को चंद्रयान-3 चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया जाएगा। चूंकि पिछली ऐसी ही कोशिश आखिरी चरण में एक हद तक नाकाम हुई थी, इसलिए भारत की नई कोशिश पर पूरी दुनिया की निगाह है। चंद्रयान-3 भारत के पूर्वी तट पर स्थित श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से एक लैंडर और रोवर को चंद्रमा तक ले जाएगा। लैंडर की मदद से रोवर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारने की योजना है। रोवर अगर सही ढंग से काम करने लगा, तो यह भारत की एक बड़ी कामयाबी होगी। भारत से पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही चंद्रमा पर रोवर उतारने में कामयाब हुए हैं। भूलना मुश्किल है कि इसरो की पिछली अधूरी सफलता ने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान को कुछ निराश कर दिया था। ऐसा लगा था कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान चंद्रयान प्रथम की कामयाबी के बाद कुछ भटक गया है। इस बार वैज्ञानिक अपनी तैयारी को लेकर आश्वस्त हैं। पिछली निराशाओं को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना है और अगर यह अभियान सफल रहा, तो भारत को व्यापक रूप से फायदा होगा। देश को वैज्ञानिक दिशा मिलेगी, चर्चा के लिए सकारात्मक विषय मिलेगा। आज देश जिस मोड़ पर है, वहां ऐसी सफलता का सबको इंतजार है। छह अरब रुपये से भी ज्यादा का यह महत्वाकांक्षी अभियान भारत के लिए सम्मान का विषय है। इसरो का कहना है कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव विशेष रुचि वाला है, क्योंकि इसके कुछ हिस्से में स्थायी रूप से छाया रहती है। क्या वहां से जल या बर्फ का कोई नमूना मिल सकता है? पिछली बार साल 2008 में भारत को ही चांद पर जल के संकेत मिले थे और 2021 में चांद पर जल की पुष्टि भी भारत की मदद से ही हुई थी। इस बार चांद पर जल संबंधी सूचना को और पुख्ता करना चंद्रयान-3 का एक बड़ा लक्ष्य है। शायद भारत चांद पर वहां पहुंचने की कोशिश में है, जहां अभी तक कोई देश नहीं गया है। एक सफल लैंडिंग भविष्य के भारतीय चंद्र अभियानों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है और इससे भारत की बढ़ती भू-राजनीतिक स्थिति को भी बहुत बल मिलेगा। अनेक विकसित देशों के असहयोग के बावजूद भारत का अंतरिक्ष विज्ञान अपने पैरों पर खड़ा हुआ है और उसे अपनी कुशलता को दुनिया के सामने सिद्ध करना है। गौर करने की बात यह भी है कि पिछली बार लैंडर में ही खराबी आई थी। अतः इस बार इस पर खूब काम किया गया है। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में बदलाव किए गए हैं। इस बार लैंडर में पांच के बजाय चार थ्रस्टर इंजन हैं, मजबूत पैर और बड़े सौर पैनल हैं। यह अधिक ईंधन ले जाएगा, ज्यादा कारगर होगा। जाहिर है, इसरो के अध्यक्ष श्रीधर सोमनाथ के लिए यह अग्निपरीक्षा का समय होगा। भारत अगर लैंडिंग में कामयाब रहा, तो रोवर 14 दिन तक चंद्रमा पर काम करेगा। भारत के पास चांद संबंधी विरल सूचनाओं का अंबार लग सकता है। 1.75 टन के लैंडर विक्रम पर जिम्मेदारी है कि 26 किलोग्राम का छह पहियों वाला प्रज्ञान नामक रोबोटिक रोवर चांद पर सही ढंग से उतर जाए।

# आधारभूत ढांचे की पोल

देश के एक बड़े हिस्से में मानसून के आगमन ने गर्मी और उमस से राहत तो दी, लेकिन इसी के साथ जलमग्न अंडरपास और सड़कों पर जलभराव ने छोटे-बड़े शहरों के आधारभूत ढांचे और वर्षा जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। अनेक शहरों में सड़कों पर जलभराव के चलते कारें एवं अन्य वाहन डूब से गए। कहीं-कहीं सड़कें धंस गईं और नाले उफना गए। लोग ट्रैफिक जाम से त्रस्त हुए और उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में अच्छी-खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह हादसे भी हुए, जिनमें लोगों की जान पर बन आई। कुछ शहरों में स्कूलों की छुट्टी तक करनी पड़ी। कहीं-कहीं ऐसे दृश्य दिखाई दिए जैसे सड़कों पर बाढ़ आ गई हो। इसके चलते आनंद देने वाली वर्षा मुसीबत बन गई। चूंकि जलभराव जनित समस्याओं से दिल्ली और मुंबई जैसे शहर भी दो-चार हुए, इसलिए यह आसानी से समझा जा सकता है कि छोटे एवं मझोले शहरों में क्या हुआ होगा? इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सड़कों, रेलवे ट्रैक आदि को जलभराव का सामना पहली बरसात में ही करना पड़ा। यह समझ आता है कि कहीं पर एक सीमित समय में अनुमान से अधिक बारिश हो जाए तो जल निकासी की व्यवस्थाएं अपर्याप्त सिद्ध हो जाती हैं, लेकिन इसका कोई औचित्य नहीं कि सामान्य बरसात में ही हमारा शहरी जीवन कष्टों से घिर जाए। वैसे तो सदैव की तरह इस बार भी बरसात के आगमन के पहले नगर निकायों की ओर से ऐसे दावे किए गए थे कि जल निकास प्रणालियों की साफ-सफाई करने के साथ ऐसी व्यवस्था कर ली गई है कि लोगों को बारिश में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन ऐसे सारे दावे हमेशा की तरह थोथे साबित हुए। यह पहली बार नहीं हुआ। ऐसा हमेशा से होता आ रहा है। इससे इन्कार नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास हुआ है, लेकिन यह मानने के भी अच्छे-भले कारण हैं कि यह उतना टिकाऊ और भरोसेमंद नहीं, जितना होना चाहिए। यह एक तथ्य है कि नई सड़कें और यहां तक कि राजमार्ग एवं उनके इर्द-गिर्द बने अंडरपास थोड़ी सी ही वर्षा में जलमग्न हो जाते हैं। नगर प्रशासक, नगर नियोजक, इंजीनियर आदि इससे भली तरह परिचित हैं कि ऐसा क्यों होता है, लेकिन पता नहीं क्यों वे ऐसा निर्माण करते हैं, जो कामचलाऊ सिद्ध होता है।

# सामाजिक समरसता के लिए समर्पित श्रीगुरुजी का जीवन

ANALYSIS



लोकेन्द्र सिंह

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्रद्धेय माधव सदाशिवराव गोलवलकर का जीवन हिन्दू समाज के संगठन, उसके प्रबोधन एवं सामाजिक-जातिगत विषमताओं को समाप्त करके एकरस समाज के निर्माण के लिए समर्पित रहा है। जातिगत ऊंच-नीच एवं अस्पृश्यता को समाप्त करने की दिशा में श्रीगुरुजी के प्रयासों से एक बड़ा और उल्लेखनीय कार्य हुआ, जब 13-14 दिसंबर, 1969 को उडुपी में आयोजित धर्म संसद में देश के प्रमुख संत-महात्माओं ने एकसुर में समरसता मंत्र का उद्घोष किया-

*हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दूः पतितो भवेत्।*

*मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता।।*

अर्थात सभी हिन्दू सहोदर (एक ही मां के उदर से जन्मे) हैं, कोई हिन्दू नीच या पतित नहीं हो सकता। हिन्दुओं की रक्षा मेरी दीक्षा है, समानता यही मेरा मंत्र है। श्रीगुरुजी को विश्वास था कि देश के प्रमुख धमार्चार्य यदि समाज से आह्वान करेंगे कि अस्पृश्यता के लिए हिन्दू धर्म में कोई स्थान नहीं है, इसलिए हमें सबके साथ समानता का व्यवहार रखना चाहिए, तब जनसामान्य इस बात को सहजता के साथ स्वीकार कर लेगा और सामाजिक समरसता की दिशा में बड़ा कार्य सिद्ध हो जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद की ओर से इस धर्म संसद में श्रीगुरुजी के आग्रह पर सभी संतों ने सर्वसम्मति से सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक का प्रस्ताव पारित किया। श्रीगुरुजी ने अपनी भूमिका को यहीं तक सीमित नहीं रखा अपितु अब उन्होंने विचार किया कि यह शुभ संदेश लोगों तक कैसे पहुंचे। क्योंकि उस समय आज की भांति मीडिया की पहुंच जन-जन तक नहीं थी। सामाजिक समरसता



के इस अमृत को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए श्रीगुरुजी ने 14 जनवरी 1970 को संघ के स्वयंसेवकों के नाम एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कार्यकताओं की अपेक्षा से कई गुना अधिक सफल आयोजन हुआ। मानो हिन्दू समाज की एकता एवं परिवर्तन के लिए शंख फूंक दिया गया हो। परंतु हमें इससे आत्मसंतुष्ट होकर बैठना नहीं है। अस्पृश्यता के अभिशाप को मिटाने में हमारे सभी पंथों के आचार्य, धर्मगुरु और मठाधिपतियों ने अपना समर्थन दिया है। परंतु प्रस्ताव को प्रत्यक्ष आचरण में उतारने के लिए केवल पवित्र शब्द काफी नहीं हैं। सदियों की कुरीतियां केवल शब्द और सद्भावना से नहीं मिटती। इसके लिए अथक परिश्रम और योग्य प्रचार करना पड़ेगा। नगर-नगर, गाँव-गाँव, घर-घर में जाकर लोगों को बताना पड़ेगा कि अस्पृश्यता को नष्ट करने का निर्णय हो चुका है। और यह केवल आधुनिकता के दबाव में नहीं, बल्कि हृदय से हुआ परिवर्तन है। भूतकाल में हमने जो गलतियां की हैं, उसे सुधारने के लिए अंतःकरण से इस परिवर्तन को स्वीकार कीजिए। श्रीगुरुजी के इस पत्र से हम समझ सकते हैं कि अस्पृश्यता को समाप्त करने और हिन्दू समाज में एकात्मता का वातावरण बनाने के लिए उनका संकल्प कैसा था? धमार्चार्यों से जो घोषणा उन्होंने कराई, वह समाज तक पहुंचे, इसकी भी चिंता उन्होंने की। संघ की शाखा पर सामाजिक समरसता को जीने वाले लाखों स्वयंसेवक सरसंघचालक के आह्वान पर ह्यहिन्दवः सोदराः सर्वेह्व के मंत्र को लेकर समाज के सब लोगों के बीच में गए। इसी धर्म संसद का एक और मार्मिक एवं प्रेरक संस्मरण है। तथाकथित अस्पृश्य जाति से आनेवाले सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आर. भरनैय्या की अध्यक्षता में ही ह्यहिन्दवः सोदराः सर्वेह्व का प्रस्ताव पारित हुआ। प्रस्ताव को लेकर कई प्रतिभागियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए। जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ, मंच से उतरते ही भरनैय्या भाव-विभोर होकर श्री गुरुजी के गले लग गए। उनकी आंखों से आंसू निकल रहे थे। वे गदगद होकर बोले- आप हमारी सहायता के लिए दौड़ पड़े। इस उदात्त कार्य को आपने हाथ में लिया है, आप हमारे पीछे खड़े हो गए यह आपका श्रेष्ठ भाव है। हिन्दुओं को जातीय भेदभाव के आधार पर एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बदनाम करने के प्रयास भारत विरोधी विचारधाराएं प्रारंभ से करती आई हैं। श्रीगुरुजी ने 1 जनवरी 1969 को दैनिक समाचारपत्र ह्यनवाकालह्व के संपादक को एक साक्षात्कार दिया, जिसमें जाति-व्यवस्था को लेकर दिए गए उनके उत्तरों को तोड़-मरोड़ कर प्रकाशित किया गया। जिन शब्दों का उपयोग श्रीगुरुजी ने किया नहीं, ऐसे भ्रम पैदा करनेवाले शब्दों को संपादक ने गुरुजी के उत्तरों में शामिल कर लिया। उसके आधार पर कुछ राजनेताओं ने संघ की छवि खराब करने और समाज में जातीय वैमनस्यता को बढ़ावा देने का प्रयास किया। तब श्रीगुरुजी ने इस संबंध में एनार्कुलम से ही 4 फरवरी 1969 को स्पष्ट किया- शहरों से लेकर ग्रामीण भागों तक और गिरि-कंदराओं से लेकर मैदानों तक फैले हुए हिन्दू समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति जाति-पांति, गरीबी, अमीरी, साक्षर, निरक्षर, विद्वान आदि का विचार न करते हुए सबको एकत्र लाना, यही संघ का कार्य है। इस उद्देश्य को व्याघात पहुंचानेवाली कोई भी बात मुझे कभी पसंद नहीं आ सकती। प्रगतिशीलपन की भाषा बोलनेवाले राजनीतिज्ञ केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाज में भय पैदा करनेवाले कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इस प्रकार का दुष्प्रचार क्यों किया जाता है, इसका उत्तर श्रीगुरुजी ने 8 मार्च 1969 को ऑर्गेनाईजर को दिए साक्षात्कार में दिया है। उनसे पूछा गया कि जातिगत व्यवस्था विषयक आपके कथित मत के विषय में विगत कुछ दिनों के काफी हंगामा हो रहा है। लगता है, उस विषय में कुछ भ्रांति है। श्रीगुरुजी ने स्पष्टता के साथ कहा- ह्लभ्रांति जैसी कोई बात नहीं है। कुछ लोग ऐसे हैं, जो मेरे प्रत्येक कथन को तोड़-मरोड़कर रखते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि देश को मटियामेट करने के उनके षड्यंत्रों में एकमेव संघ ही बाधक हैह्व। श्रीगुरुजी का यह कथन शत-प्रतिशत सत्य है। आज भी भारत एवं हिन्दू विरोधी ताकतों के निशाने पर संघ ही रहता है, क्योंकि उन्हें पता है कि संघ हिन्दुओं का प्रमुख संगठन है, संघ को कमजोर या बदनाम किए बिना वे अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकते। इसलिए तथ्यहीन बातों को आधार बनाकर संघ के बारे में दुष्प्रचार फैलाना कई नेताओं एवं तथाकथित प्रगतिशील बुद्धिजीवियों ने अपना एकमेव लक्ष्य बना लिया है। अपने उद्बोधनों एवं कार्यकताओं से व्यक्तिगत संवाद में भी श्रीगुरुजी का यही कहना होता था कि ह्लसंघ विभिन्न वर्ण एवं उपजातियों में बंटे हिन्दू समाज के अंदर हम सब एक हैं, एक भारतमाता के पुत्र हिन्दू हैं, सब समान हैं कोई ऊंचा नहीं, यह भाव उत्पन्न कर एकरस, एकजीव हिन्दू समाज बनाने के काम में लगा है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

विश्व हिन्दू परिषद की ओर से इस धर्म संसद में श्रीगुरुजी के आग्रह पर सभी संतों ने सर्वसम्मति से सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक का प्रस्ताव पारित किया। श्रीगुरुजी ने अपनी भूमिका को यहीं तक सीमित नहीं रखा अपितु अब उन्होंने विचार किया कि यह शुभ संदेश लोगों तक कैसे पहुंचे। क्योंकि उस समय आज की भांति मीडिया की पहुंच जन-जन तक नहीं थी। सामाजिक समरसता के इस अमृत को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए श्रीगुरुजी ने 14 जनवरी 1970 को संघ के स्वयंसेवकों के नाम एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कार्यकताओं की अपेक्षा से कई गुना अधिक सफल आयोजन हुआ। मानो हिन्दू समाज की एकता एवं परिवर्तन के लिए शंख फूंक दिया गया हो। परंतु हमें इससे आत्मसंतुष्ट होकर बैठना नहीं है। अस्पृश्यता के अभिशाप को मिटाने में हमारे सभी पंथों के आचार्य, धर्मगुरु और मठाधिपतियों ने अपना समर्थन दिया है। परंतु प्रस्ताव को प्रत्यक्ष आचरण में उतारने के लिए केवल पवित्र शब्द काफी नहीं हैं।

# जनसंख्या विस्फोट, विकास पर चोट

जनसंख्या से तात्पर्य एक सीमित क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या से है। जब किसी क्षेत्र मे रहने वाले व्यक्तियों की संख्या आवश्यकता से अधिक हो जाए तो उसे जनसंख्या वृद्धि कहते हैं। अब सवाल यह उठता है कि यह कैसे पता चलेगा कि किसी स्थान की जनसंख्या अधिक है। इसका उत्तर भी साफ है कि जब किसी क्षेत्र के युवाओं के लिए आमदनी के साधन कम हो जाएं या किसी परिवार को अपनी दो वक्त की रोटी के लिए अत्यधिक परिश्रम करना पड़े तो निश्चित ही वहा की जनसंख्या आवश्यकता से अधिक होने लगी है। हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम की गवर्निंग काउंसिल ने 11 जुलाई 1989 को विश्व जनसंख्या दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया। इसके अगले साल 1990 में पहली बार दुनिया के 90 देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य वैश्विक जनसंख्या मुद्दों के बारे में जैसे परिवार नियोजन का महत्व, लैंगिक समानता, गरीबी पर लोगों की जागरुकता बढ़ाना है । इस दिन का सुझाव डॉ. केसी जकारिया ने दिया था। तब वह विश्व बैंक में सीनियर डेमोग्राफर थे। तब जनसंख्या पांच अरब तक पहुंच गई थी। बढ़ती जनसंख्या ने पूरी दुनिया के तंत्र को गहरे से प्रभावित किया और संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पैदा किया है। इस संबंध में यह कहा जा सकता है कि- अति रूपेण वै सीता चाति गर्वेण रावणः। अतिदानाद् बलिर्बद्धो ह्यति सर्वत्र वर्जयेत।। अर्थात अति हर चीज की बुरी होती है। जिस तेजी से विश्व की जनसंख्या बढ़ रही है, उसको देखकर लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब गणित के आंकड़े कम पड़ जाएंगे। धरती पर इतनी भूमि बचेगी नहीं कि इंसान रह सकें। आज बेहिसाब बढ़ती जनसंख्या न केवल चिंता का कारण है बल्कि सभी समस्याओं का मूल कारण भी है। फिर चाहे पृथ्वी का संतुलन बिगड़ना हो, ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ना हो, बढ़ती बेरोजगारी हो या संसाधनों का अभाव। बढ़ती जनसंख्या न्यूक्लियर और हाइड्रोजन बम से भी ज्यादा खतरनाक है। हमारे देश में लगातार बढ़ती जनसंख्या के चलते बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे देश का विकास भी बाधित हो रहा है। सरकार के जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने के प्रयास भी बहुत ज्यादा सफल होते नहीं दिख रहे। इसके पीछे देश में अंधविश्वास और साक्षरता की कमी को जिम्मेदार मान सकते हैं। हम देश में ये मानने वाली सोच को जिम्मेदार मान सकते हैं जो कहती है कि जितने ज्यादा बच्चे होंगे उतने ही ज्यादा कमाने वाले होंगे। जो लोग आज भी ऐसी सोच रखते हैं उन्हें ये समझना होगा कि सिर्फ घर में बहुत ज्यादा सदस्य होने से ही घर में आय नहीं बढ़ेगी। बल्कि इससे सभी के लिए भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। जनसंख्या के अनुसार हर किसी के लिए संसाधन जुटाना भी उतना ही मुश्किल होगा, क्योंकि देश में उपलब्ध संसाधनों का इतनी मात्रा में होना जरूरी भी नहीं है। ऐसे में एक समय के बाद सभी के लिए इन संसाधनों में कमी होने लगेगी। इसलिए पहले ही जागरूक होना बेहतर है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के जनसांख्यिकीय आंकड़ों का अनुमान है कि चीन की 142.57 करोड़ की तुलना में भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो अमेरिका 34 करोड़ की आबादी के साथ तीसरे नंबर पर है। यूएनएफपीए की एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 वर्ष के आयु वर्ग की है। वहीं 18 प्रतिशत 10 से 19 आयु वर्ग, 26 प्रतिशत 10 से 24 आयु वर्ग, 68 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग में और 65 वर्ष से ऊपर 7 प्रतिशत है। वहीं विभिन्न एजेंसियों के अनुमानों ने बताया गया है कि भारत की जनसंख्या लगभग तीन दशकों तक बढ़ती रहने की उम्मीद है। इससे आबादी 165 करोड़ हो सकती है। गौरतलब है कि पिछले साल छह दशकों में पहली बार चीन की आबादी में गिरावट आई थी। इसके बाद चीन की आबादी में कमी ही देखी जा रही है। कहा जा रहा है कि इसका असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि 2011 के बाद से औसतन 1.2 फीसदी रही है। जबकि पिछले 10 वर्षों में यह 1.7 फीसदी थी। यूएनएफपीए इंडिया के प्रतिनिधि एंड्रिया वोजनार ने कहा कि भारतीय सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि लगातार बढ़ रही जनसंख्या का असर आम लोगों पर पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की आबादी 8045 मिलियन है। जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा 65 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष की आयु के बीच के लोगों का है। इसके बाद 24 प्रतिशत हिस्सा 10 से 24 वर्ष के समूह में है। 10 फीसदी आबादी 65 साल से ऊपर की है। रिपोर्ट के मुताबिक 15 नवंबर 2022 को दुनिया की आबादी 8 अरब लोगों को पार कर गई थी। दुनिया के 2 सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र पूर्वी और दक्षिण पूर्वी एशिया है। जहां 2.3 अरब लोग रहते हैं। जो वैश्विक आबादी का 29 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं और मध्य और दक्षिण एशिया 2.1 बिलियन 26 प्रतिशत प्रतिनितधत्व के साथ है। मध्य और दक्षिण एशिया के 2037 तक दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र बनने की सम्भावना है। वर्ष 2050 तक वैश्विक जनसंख्या में अनुमानित वृद्धि का आधे से अधिक 8 देशों कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मिश्र, इथियोपिया, भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपींस और संयुक्त गणराज्य तंजानिया में केंद्रित होगा। स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच और जीवन स्तर में सुधार के साथ दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रजनन दर के साथ-साथ मृत्यु दर कम हो रही है। इसका मतलब यह है कि दुनिया के कुछ हिस्सों जैसे कि जापान में वृद्ध आबादी अधिक है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



हमारे वरिष्ठ कैबिनेट सहयोगी श्री को जन्मदिन की बधाई राजनाथसिंह जी वह महत्वपूर्ण रक्षा क्षेत्र में भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। विभिन्न मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि को हमेशा बहुत सराहा जाता है। वह हमारे किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भी उत्साहित हैं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

**(पीएम नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



आदमी का जीवन संघर्षों से तपता है। उससे बिना संसाधनों के जीवन जीने की क्षमता विकसित होती है। उसी तपस्या से व्यक्ति समाज और राष्ट्र की अनवरत सेवा का संकल्प लेता है। दो जोड़ी कपड़े, मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और विश्वास लेकर घर से निकलने वाले लोग विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ते हैं। दुनिया उनकी जय जयकार करती है। कैमरा लेकर खेत में बुवाई और ट्रक पर चढ़ाई करने से सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए कोई राजकुमार-युवराज तपस्वी नहीं बन सकते।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# ...तो रोबोट करेंगे काम, आदमी करेगा आराम

'...तो रोबोट करेंगे काम, आदमी करेगा आराम' इस शीर्षक में कुछ भी चौंकाने वाला नहीं है। जी हां, 2023 की आठ जुलाई को इसके संकेत मिल चुके हैं। इसे सनद भी किया जाना चाहिए। इसलिए कि स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आठ जुलाई को दुनिया का पहला स्मार्ट रोबोट संवाददाता सम्मेलन हो चुका है। इस संवाददाता सम्मेलन से हम में से बहुतेरे अनजान होंगे। इस संवाददाता सम्मेलन में रोबोट्स के साथ हुए सवाल-जवाब ने इस बात के भी ठोस संकेत दे दिए कि भविष्य की दुनिया कैसी होगी। यह इनसानी दिमाग के लिए हाई वोल्टेज लाइन के करंट के झटके जैसा है। मगर तैयार हो रही रोबोट की भावी रणनीति का सामना तो करना ही होगा। आज नहीं तो कल, यह होकर ही रहेगा। यकीन मान लीजिए, वह समय जल्द आने वाला है। आदमी (सामर्थ्यवान) आराम करेंगे और उनका काम रोबोट करेंगे। इस पहले संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित 51 रोबोट्स ने वादा किया है कि वे कभी भी इनसानों के खिलाफ बगावत नहीं करेंगे। इस दौरान करीब 3000 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। इन्हीं विशेषज्ञ ने ही उनसे सवाल किए। लगभग सभी सवाल इनसानों पर केंद्रित रहे। सोफिया नाम की रोबोट ने बड़ा संकेत दिया। उसने कहा कि हम दुनिया को इनसानों से बेहतर तरीके से चला सकते हैं। हमारे अंदर इनसान की तरह भावनाएं तो नहीं हैं पर हम फैक्ट्स के आधार पर मजबूत फैसला ले सकते हैं। सोफिया से पूछा गया कि क्या रोबोट इनसान के खिलाफ बगावत करेंगे? इस पर उसने कहा कि उसे नहीं पता कि आपको ऐसा क्यों लगता है। मुझे बनाने वालों ने मेरे साथ हमेशा अच्छा व्यवहार किया है। मैं इससे खुश हूं। इसके बाद उससे पूछा गया कि क्या तुम्हारी वजह से लोगों की नौकरी को खतरा है? उसने कहा कि मैं लोगों के साथ मिलकर काम करूंगी। मेरी वजह से किसी इनसान की नौकरी को कोई खतरा नहीं होगा। इस दौरान एक सवाल किया गया कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को नियमों के दायरे में लाना चाहिए? इसके जवाब में अन्य रोबोट ने कहा, भविष्य में होने वाले बदलाव पर सबको सतर्क रहने की जरूरत है। इस पर बहस जरूरी है। एक दूसरे रोबोट ने तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरे को पूरी तरह खारिज कर दिया। उसने कहा इस तकनीक पर प्रतिबंध की नहीं, उसे अवसर देने की आवश्यकता है। हम इनसानों के साथ मिलकर दुनिया को बेहतर भविष्य दे सकते हैं। तो मान लीजिए अब मशीन भर नहीं रह गया है रोबोट। इस संवाददाता सम्मेलन में रॉबी नाम का रोबोट चर्चा में रहा। इस रोबोट की तकनीकी खासियत यह है कि उसका डिजाइन इनसानी मांसपेशियों से प्रेरित है। इस रोबोट में 70 जोड़ इंसानी मांसपेशियों से मिलते-जुलते हैं। रॉबी के निमार्ता रॉल्फ फाइफर ने कहा-' उनकी कोशिश है कि रॉबी नई पीढ़ी के रोबोट्स का दूत बने। वह इनसानों के साथ दोस्ताना तरीके से बातचीत करे। रॉबी को चेहरा फेसबुक पर मतदान के आधार पर मिला है। फाइफर मानते हैं कि एक दिन रोबोट हमारे घरों में जरूर होंगे। यह अभी तय नहीं है कि रोबोट किसी खास काम के लिए होंगे। मगर होंगे जरूर। इसका फैसला निश्चिततौर पर बाजार करेगा। यूरोपीय संघ में इससे पहले रोबोट से क्या काम लिया जाए पर सर्वे किया जा चुका है। इसमें हिस्सा लेने वाले 60 प्रतिशत लोगों के अनुसार रोबोट को बच्चों को संभालने और बुजुर्गों की देखभाल करने के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। कंप्यूटर वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक नियोल शार्की लंबे समय से इस पर शोध कर रहे हैं। वह कहते हैं कि जापान और दक्षिण कोरिया की 14 कंपनियां बच्चों की देखभाल के लिए रोबोट विकसित कर रही हैं। दक्षिण कोरिया में रोबोट का प्रयोग बच्चों को अंग्रेजी सिखाने के लिए तीन साल पहले हो चुका है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



वास्तव में हौसला तो उनका बढ़ाना चाहिए जिनके अंदर प्रतिभा है लेकिन परिस्थितिवश या किन्ही अन्य कारणों से उन्हें वह पहचान नहीं मिलती जिसके वे हकदार हैं। कहने का आशय यह कि एकेडमिक क्षेत्र में यदि किसी ने टाप किया तो मीडिया व अन्य संचार माध्यमों से सभी उसे जान जाते हैं। एक तरह से कहा जाए तो वह ख्यात हो जाता है लेकिन क्या यह कहा जा सकता है कि दूसरे, तीसरे या चौथे नंबर पर रहे छात्र-छात्राएं कम मेधावी हैं। जरूरत ऐसे विद्यार्थियों की हौसलाआफजाई की है। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) यह काम बखूबी कर रहा है। पासवा ने खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में एक साथ 15 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सीबीएसई, आइसीएसई और जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं तथा 12वीं की परीक्षाओं के टापर और 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को इस समारोह में सम्मानित किया गया। वास्तव में यह एक अनूठा आयोजन था। इस तरह का आयोजन राज्य के सामने एक उदाहरण है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भी यही था कि विशेष रूप से वैसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाए जो टाप तो नहीं कर सके लेकिन उनमें भी प्रतिभा है। परीक्षा के टापर तो सम्मानित होते ही रहते हैं लेकिन विभिन्न कारणों से जो विद्यार्थी कुछ अंक लाने से टापर बनने से चूक जाते हैं उनके हौसले को भी बढ़ाना चाहिए ताकि भविष्य में वह भी टापर बन सकें। यह संगठन पिछले 23 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य कर रहा है। पहली बार इतने बड़े पैमाने पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है।

**राणा रणधीर सिंह, समाजसेवी रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## राउरकेला से भुवनेश्वर के लिए हवाई सेवा 3 दिन रद्द रही, यात्री हुए परेशान



**ROURKELA :** राउरकेला से नियमित उड़ान सेवा की उम्मीद। लगातार तीन दिनों तक भुवनेश्वर के लिए हवाई सेवा रद्द रही। राउरकेला के लोगों को उम्मीद थी कि हवाई सेवा की सुविधा बेहतर होती जाएगी, पर ऐसा संभव नहीं हुआ। भुवनेश्वर के लिए हवाई सेवा भी नियमित नहीं है। लगातार उड़ानें रद्द की जा रही हैं। पिछले तीन दिनों से भुवनेश्वर-राउरकेला उड़ान सेवा निलंबित है। तीन दिनों तक हवाई सेवाएं बंद रहने से नियमित उड़ानों पर भी संशय जताया गया है। रविवार को राउरकेला से भुवनेश्वर जाने के लिए कुल 32 यात्रियों ने टिकट खरीदा। लेकिन उड़ान सेवाएं रद्द होने से यात्रियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछली 7 और 8 तारीख को भी हवाई सेवाएं रद्द कर दी गई थीं, इससे भुवनेश्वर जाने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ा। लगातार उड़ानें रद्द होने से यात्रियों की संख्या में कमी आ रही है। एयरलाइन की सेवा शुरू होते ही 90 फीसदी सीटें बुक हो गईं।

## 'नेक्स्ट जेनरेशन बायोमेडिकल एप्लीकेशन' पर 7 दिवसीय कार्यशाला शुरू



**ROURKELA :** एनआईटी राउरकेला में 'अगली पीढ़ी के बायोमेडिकल अनुप्रयोगों के लिए उभरते उपकरण, सर्किट और सिस्टम' पर 7 दिवसीय कार्यशाला सोमवार से शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के संयोजक प्रोफेसर डॉ. सुदीप कुंडू ने कहा, भारत में, स्वास्थ्य सेवा बाजार सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक बनता जा रहा है। भारत में 2025 तक चिकित्सा उपकरणों का अपेक्षित निर्यात 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। क्षेत्र में तेजी से वृद्धि का समर्थन करने के लिए बढ़ते अनुसंधान और विकास की तत्काल आवश्यकता है।

## 'जॉर्ज आर्मी' की बैठक में चुनावी तैयारियों पर हुई चर्चा

**BIRMITRAPUR :** 2024 में विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विरमित्रपुर के पूर्व विधायक जॉर्ज तिर्की ने भी सोमवार को बैठक की। जॉर्ज तिर्की ने कहा कि वे चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद राउरकेला जिला कांग्रेस अध्यक्ष जॉर्ज तिर्की ने आज अपना रुख स्पष्ट किया। विरमित्रपुर बीआरआई क्लब में आयोजित बैठक में शहर के 11 नंबर वार्ड के जॉर्ज सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में तय हुआ कि आने वाले दिनों में इस तरह की बैठक प्रखंड व पंचायत स्तर पर आयोजित की होगी। जॉर्ज तिर्की ने जॉर्ज सेना द्वारा नामांकित किए जाने के बाद विरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी।

## जान मारने की नीयत से नाबालिग छात्र को छत से धकेला, गंभीर

**CHAIBASA :** थाना क्षेत्र के मझगांव मुस्लिम बस्ती में दबंग महिला के द्वारा नाबालिक छात्र को छत से धकेल कर जान लेवा हमला करने के मामले में मझगांव थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मझगांव निवासी सीमा खातुन ने कहा कि सोमवार को मेरा बेटा मो. नवाल शाहीद 14 वर्ष मस्जिद में असर नमाज के बाद प्रथम तल्ला के सीढ़ी में बैठा था। उसी दौरान 5.15 बजे मझगांव निवासी हाजरा खातुन नामक महिला मस्जिद में घुस कर प्रथम तल्ला में चढ़ी और मेरा बेटा मो. नवाल शाहीद को कही कि जान से मार दूंगी और धकेल दी। नाबालिग छात्र छत के ऊपर से धकेले जाने से वह गिरकर गंभीर रूप से कई जख्मी हो गया है। नाबालिग छात्र के शरीर के कई अंगों से खून भी बह रहा था।

# DC अनन्य मित्तल ने किया नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय का निरीक्षण

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने आज सदर प्रखण्ड के अमला टोला वार्ड संख्या -19 में अवस्थित आदर्श नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होनें शैक्षणिक सत्र 2022-23 में नया नामांकन के तहत 100वें बच्चे का नामांकन अपने हाथों से किया। 100वें बच्चे के रूप में नामांकित होनेवाली छात्रा सविता देवगम है जो सदर प्रखण्ड के ही पाम्पाड़ा गांव की रहनेवाली है। पिता मनु देवगम के साथ नामांकन कराने आयी सविता को उपायुक्त ने नामांकन के पश्चात वर्ग - 6 का पाठ्य पुस्तक, दस नयी कापी, पेन, पेंसिल एवं इंस्ट्रूमेंन बॉक्स प्रदान कर उसे मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी।



नगरपालिका बांग्ला मध्य विद्यालय का निरीक्षण करते उपायुक्त। • फोटोन न्यूज

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी भी मौजूद थी। नामांकन के पश्चात उपायुक्त ने अन्नामृता फाउंडेशन द्वारा विद्यालयों को दिए जा रहे मध्याह्न भोजन का भी निरीक्षण किया जिससे वे संतुष्ट नजर नहीं आए। मध्याह्न भोजन के अवलोकन के बाद समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय के नव निर्मित चार यूनिट के बालक शौचालय का निरीक्षण किया जिसके कार्य से वे संतुष्ट नजर आए।

निरीक्षण के क्रम में उन्होने वर्ग कक्ष जाकर बच्चों से रुबरु हुए तथा उनसे कुछ सवाल पूछे जिसका उत्तर बच्चों ने तत्परता से दिया। झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा हाल ही में खाली कराए गए दो कमरों का भी उपायुक्त एवं प्रशिक्षु आईएएस ने निरीक्षण किया जिसका जीर्णोद्धार जिला प्रशासन द्वारा किया जाना है। उन्होंने तत्काल कार्यकारी एजेंसी एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर जल्द से जल्द जीर्णोद्धार का काम शुरू कर उसे पूरा करने का निर्देश दिया। विद्यालय निरीक्षण के अंत में वे सदर प्रखण्ड के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सेवा-पुस्तिका में वार्षिक वेतन वृद्धि एवं सेवा सत्यापन के कार्य का मुयायना किया तथा जिला शिक्षा अधीक्षक से फोन पर बातकर तत्काल सदर प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बचे कार्य को पूरा करने का निर्देश देने को कहा।

इससे पूर्व बाल संसद के अध्यक्ष सुदीप पैड़ा एवं प्रधानमंत्री सुशीला देवगम ने उपायुक्त का जबकि प्रधानाध्यापक असीम कुमार सिंह ने प्रशिक्षु आइ० ए० एस० श्रुति राजलक्ष्मी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।विद्यालय से प्रस्थान करते समय शिक्षिका मिनाक्षी सहाय ने विद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उपायुक्त को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अलावे सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बाल संसद के सभी मंत्रीगण उपस्थित थे।

## मवेशी तस्करों को लोगों ने खदेड़ा, पिकअप में लगाई आग

**JHARSUDUDA :** झारसुगड़ा में मवेशी माफियाओं का उत्पात दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। जिले के लखनपुर ब्लॉक के पंचगांव में कल देर रात तीन पिकअप ट्रक में मवेशियों को तस्करी के लिए लादा गया था। स्थानीय लोगों ने जाकर पूछा तो चालक व अपराधी फरार हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा पीछा किए जाने के बाद उनकी भीड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने के लिए माचिदा पंचायत में घुस गई।

वहां से आगे जैसे ही स्थानीय लोगों ने उन्हें खदेड़ा, माफिया राष्ट्रीय राजमार्ग से भागने के लिए आनन-फानन में माचिदा पंचायत के देवपाली गांव में घुस गए , आगे कोई रास्ता नहीं था। इसलिए तस्करों ने लोगों पर हमला कर दिया और मवेशियों को पीछे छोड़ दिया। लोगों ने खड़े पिकअप ट्रक में आग लगा दी और गायों को बचाकर स्थानीय जंगल में छोड़ दिया।

## सावन के पहले सोमवार को घोघर धाम में कांवरियों की टोली ने किया जलार्पण

**PHOTON NEWS RAJGANGPUR :** सावन महीने के प्रथम सोमवार को लेकर कांवरियों की टोली वेदव्यास त्रिवेणी संगम से जल लेकर राजगंगापुर के घोघर धाम के लिए रवाना हुई। वेदव्यास त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद कावरिए सर्वप्रथम चंद्रशेखर मंदिर में जल अर्पण करने के बाद बोल बम का नारा देते हुए घोघर धाम के लिए रवाना हुए। वेदव्यास मंदिर ट्रस्ट बोर्ड की ओर से कावड़ियों के लिए बिजली, पानी, मेडिकल व्यवस्था करने के साथ-साथ ब्राह्मणी नदी तट के चारों ओर बांस का बैरिकेट घेरा बनाया गया है।



कांवरियों का जत्था रवाना होने के दौरान बेल्डीधीह कावड़िया संघ की ओर से कांवरियों की सेवा के लिए चाय, पानी, बिस्कुट, नहाने का पानी की व्यवस्था की गई थी। स्वर्गीय शिबू साहू, राजन साहू व उनकी टीम के द्वारा कावरियों की सेवा की जा रही है। पिछले 40 सालों से कांवरियों की सेवा शिविर लगाया जा रहा है।

इसी प्रकार मंडियाकूदार अग्रसेन स्पंज ने भी कांवरियों की सेवा को लेकर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। सावन के पहले सोमवार को लेकर अनेक संगठन की ओर से कांवरियों की सेवा की गई।

## छह माह में 14 बार आरएमसी फूड विभाग ने मारा छापा नियम का पालन नहीं करते फास्ट फूड के दुकानदार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के लगभग सभी इलाकों में सैकड़ों फास्ट फूड दुकानें खुल गयी हैं। कोरोना महामारी के बाद दुकानों की संख्या अचानक बढ़ गई है, आधे दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य लाइसेंस नहीं है। राउरकेला मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन (आरएमसी) द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने दुकानें लगातार फल-फूल रही हैं। अब जाकर आरएमसी का खाद्य सुरक्षा विभाग जगह-जगह छापेमारी कर रहा है, पिछले 6 महीने में सिर्फ 14 स्थानों पर छापामारी हुई है।

आरएमसी के खाद्य सुरक्षा विभाग ने पिछले शनिवार को विभिन्न स्ट्रीट फूड दुकानों में भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।



दुकानों की जांच करती विभाग की टीम। • फोटोन न्यूज

कुल 28 फास्ट फूड दुकानों, मिठाई दुकानों आदि का निरीक्षण किया गया। नियमों का उल्लंघन कर कारोबार करते पाये जाने पर दुकानदार से मात्र 2300 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसी तरह 23 जून को विभिन्न गुटखा और पान मसाला दुकानों पर छापेमारी कर बिक्री बंद करने का आदेश दिया गया था।

इससे पहले 7 जून को विभागीय अधिकारी ने डेली मार्केट मछली मार्केट की 26 दुकानों में छापेमारी की थी। इसी प्रकार, 18 मई को सेक्टर-16 और सेक्टर-18 क्षेत्र में 28 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जबकि 17 मई को सेक्टर-15 में 20 दुकानों, 13 मई को सेक्टर-5 मार्केट में 25 दुकानों का निरीक्षण किया गया और रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 1200 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 8वीं और 9वीं एरिया में 20 स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और 5000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 20 अप्रैल को एनआईटी बैक पोस्ट में 34 दुकानों का निरीक्षण किया गया और 3500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 13 अप्रैल को फूड स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और 3500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 30 फूड 8 मार्च को सरनगरी क्षेत्र में आमबगान मार्केट में स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और 3000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। 20 मार्च को गुटखा दुकानों का निरीक्षण किया गया, विभिन्न आइसक्रीम कारखानों का निरीक्षण किया गया।

## काल्टा माइन और रॉक्सी लोडिंग साइडिंग में हुआ समझौता, श्रमिकों की मजदूरी में हुई वृद्धि

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट के अंतर्गत काल्टा आयरन माइंस एवं रॉक्सी लोडिंग साइडिंग के श्रमिकों की ओर से यूनाइटेड माइंस लेबर यूनियन (सीटू) द्वारा नव नियुक्त ठेकेदार धनसार इंजीनियरिंग के साथ सोमवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अनुसार, पीस रेट श्रमिकों को प्रति दिन 23 रुपये की वृद्धि मिलेगी और टाइम रेट श्रमिकों को प्रति दिन 20 रुपये की वृद्धि मिलेगी।

सरकार की घोषणा के अनुसार श्रमिकों को वीडीए मिलेगा। घर का किराया और घर की मरम्मत के लिए 3600 रुपये मिलेंगे, एडब्ल्यू को प्रतिदिन 8846 रुपये और प्रति माह 2300 रुपये मिलेंगे। वैगन लोडिंग में 2 रेक से अधिक मिलेंगे। जामुडीही और कालता हाई स्कूल, जहां श्रमिकों के बच्चे पढ़ते हैं, को 100 रुपए साइकिल भत्ता दिया जाएगा और सरकार की ओर से सालाना 3 लाख रुपये दिए जाएंगे और 10 और शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

किसी भी श्रमिक की सामान्य मृत्यु की स्थिति में संगठन प्रत्येक श्रमिक के लिए 10 लाख रुपए के समूह बीमा की व्यवस्था करेगा।



बैठक में शामिल अधिकारी। • फोटोन न्यूज

क्षेत्र के लिए 2 एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाएंगी और नियोक्ता श्रमिक के परिवार के एक सदस्य को काम पर रखेगा, चाहे वह सामान्य मृत्यु हो या आकस्मिक मृत्यु। नियोक्ता उपचार के लिए रॉक्सी और टोडा में श्रमिकों और औषधालयों के परिवहन के लिए 11 बसें प्रदान करेगा। श्रमिकों और उनके परिवारों की। स्थानीय युवाओं के बीच खेल के विकास और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 1 लाख प्रति वर्ष, प्रायोजक संगठन वित्तीय सहायता प्रदान करेगा और खान अधिनियम के अनुसार सभी नियमों का पालन करेगा। कंपनी आपात स्थिति में कर्मचारियों को 6 लाख रुपये तक का एडवांस देगी।

समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, वहां के खनिकों ने सीटू नेतृत्व को पूरा सहयोग देने का वादा किया और यूनियन नेतृत्व को धन्यवाद दिया।

यूनियन की ओर से सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य महासचिव एवं केंद्रीय महासचिव बिष्णु मोहंती, विधायक लक्ष्मण मुंडा, उप महासचिव प्रमोद सामल, पंगम पांडा, आनंदमासी हारो, कृष्णा बारिक, हरीश रे, सुरेश मुदाली, गोपी महंत, सहदेव नायक, एमके सिंह, पीटर लुगुन, माइकल कंडुलना, सामू मुंडा, सरीन सुरीन, जयंती सांगा, मगदली मानकी, विजय तपनो, पॉल मुंडा ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि शरत चंद्र राम, एसएन पति और सोनी विश्वकर्मा एजेंसी की ओर से प्रमुख हस्ताक्षरकर्ता थे।

## चौक-चौराहों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, सिटी सर्विलेंस कंट्रोल रूम का हुआ उद्घाटन

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत चक्रधरपुर थाना परिसर में चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल व पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के द्वारा संयुक्त रूप से सिटी सर्विलांस कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया गया। विदित हो कि चक्रधरपुर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर 100 सीसीटीवी कैमरा तथा पवन चौक एवं स्टेट बैंक मोड़ चौक पर दो पब्लिक ऐड्रेसिंग सिस्टम लगाया गया है। सिटी सर्विलांस कंट्रोल रूम-चक्रधरपुर लोकार्पण के अवसर पर चक्रधरपुर विधायक ने कहा शहर के चौक चौराहों पर सीसीटीवी अधिष्ठापन होने से शहर में घटित होने वाली गतिविधियों पर आसानी से नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने चक्रधरपुर में हाईटेक सीसीटीवी कैमरा तथा कंट्रोल रूम बनाए जाने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि चक्रधरपुर शहर के संवेदनशील जगहों पर कैमरे लगाए गए है, जो क्राइम कंट्रोल के एक अच्छी पहल है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगने के उपरांत पुलिस को भी अपने अनुसंधान में काफी सहूलियत होगी।

## राधामोहन गढ़नायक की कविता में जाति व देश की सोच झलकती थी : डॉ लक्ष्मीकांत

**PHOTON NEWS ROURKELA :** साहित्यिक संस्था इस्पात साहित्य संसद के सहयोग से संसद अध्यक्ष ब्रजेंद्र दास के तत्वावधान में कवि पद्मश्री राधामोहन गढ़नायक के साहित्यिक कृतित्व पर परिचर्चा बैठक एवं काव्य पाठ सोमवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में इस्पात जनरल अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. लक्ष्मीकांत विशाल मुख्य अतिथि थे। कवि हरमोहन मिश्रा मुख्य वक्ता थे।

कवयित्री रश्मि साहू के संचालन में आयोजित बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज कुमार नंद ने स्वागत भाषण के साथ अतिथियों का परिचय कराया, जबकि प्रधान संपादक नरसिंह चरण विश्वाल ने संसद के विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। राधामोहन गार्नाईक के साहित्यिक कार्यों की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि कवि गढ़नायक की कविता में शब्द संरचना और पैटर्न का कोई परिवर्तन नहीं है। उनकी कविता का आंतरिक स्वर जाति और देश को समर्पित था। अतिथियों द्वारा श्रीजगन्नाथ के तैलचित्र पर आरंभिक माल्यार्पण के बाद मुख्य अतिथि स्टील फैक्ट्री से पदोन्नत



कार्यक्रम में संबोधन देते अतिथि। • फोटोन न्यूज

हुए सांसद एवं कैपिटल बुक फेयर पुरस्कार विजेता कवि ब्रजबिहारी दास थे। हाल ही में हुए स्टील फैक्ट्री के चुनाव में जीत हासिल करने वाले रंकनिधि सेठी, सुश्री विजय कुमार कैप्टन, कवि शिवप्रसाद बेहरा और संसदीय सलाहकार कवि त्रिलोचन माथन सहित नए सदस्य सागर माथन का फूलों से स्वागत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कवि उपेन्द्र कुमार बस्तिया ने किया।

इस दौरान कवि हरिहर बेहरा की अध्यक्षता में आयोजित काव्य पाठ के दूसरे चरण में कवि त्रिलोचन माथन, उपेन्द्र बस्तिया, अजय कुमार मोहंती, हरिहर बेहरा, रश्मी बाला रौतराई, अनंत किशोर दास, प्रताप कुमार पांडा, ब्रज बिहारी दास, सत्यब्रत दास ने संचालन किया। कवयित्री बबीता महलिक और रंकनिधि सेठी द्वारा कविता पाठ हुआ। गौतम दास, सुशांत कुमार नाइक, हरमोहन मिश्रा, अर्चना पान, नरसिंह चरण विश्वाल, श्रेयसी साहू, सागर मोहंती और रंकनिधि सेठी ने प्रमुख स्वर कविताएँ सुनाईं। इन सभी कार्यक्रमों में कवि तारधना चरण साहू, डॉ. सुमन दत्त, डॉ. नगेन दास, अक्षय कुमार सामल, कुंजबिहारी राउत, सस्मिता प्रधान, मीनकेतन पशायत, काशीनाथ नंदी, पीतावास प्रधान, गीतांजलि पान, शर्मिला दत्त, रामकृष्ण त्रिपाठी, गंगाधर पुहान, विजयिनी जेना प्रमुख कई कवियों और लेखकों ने भाग लिया। अंत में कवि सुशांत कुमार नायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**ROURKELA** इस्पात संयंत्र के उत्पादन निष्पादन की संचालक शक्ति सेल आरएसपी की है इकाई

# इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट से बढ़ रहा उत्पादन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के उत्पादन निष्पादन की संचालक शक्ति सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) की एक प्रमुख सेवा इकाई ऑक्सीजन प्लांट कई नवाचारों, कमीशनिंग और प्रतिस्थापन कार्यों के माध्यम से संयंत्र के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में मददगार रही है। 84000 एनएम 3/घंटा क्षमता के नए ऑक्सीजन पीआरएमएस. (दबाव कम करने और मीटरिंग स्टेशन) के चालू होने से स्टैंडबाय पीआरएमएस की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में एक साथ तीन कन्वर्टर्स की ब्लोइंग संभव हो पाई। इससे संयंत्र का इस्पात उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई।



ऑक्सीजन प्लांट द्वारा किए गए कुछ अन्य प्रमुख कार्यों में ऑक्सीजन कंप्रेसर की प्रमुख ओवरहालिंग, पुनर्निर्मित पिस्टन रॉड के साथ ओसी-2, एएसयू-1 और एएसयू.-2 की कैपिटल रिपेयर और एयर कंप्रेसर एसी-1 की ओवरहालिंग, नाइट्रोजन कंप्रेसर का इन-हाउस पुनरुद्धार और एयर टर्बो कंप्रेसर-2 (ए.टी.सी.-2) की मरम्मत शामिल है। इन सभी पहलों ने तप्त धातु (हॉट मेटल) और क्रूड स्टील उत्पादन के लिए ऑक्सीजन, नाइट्रोजन और आर्गन की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने में मदद की है, जिसके परिणामस्वरूप 4 मार्च 2023 को अबतक के किसी भी एक दिन की तुलना में 16200 टन का सबसे अधिक हॉट मेटल का उत्पादन हो पाया ।

ऑक्सीजन प्लांट इकाई ने न केवल उत्पादन को बेहतर बनाने और बनाए रखने में मदद की, बल्कि कंपनी के लिए पर्याप्त बचत भी हासिल की है। ब्लू स्टार एयर कंप्रेसर के ऑयल कूलर की इन-हाउस पीडी/आर ड्राइंग से 60 लाख रुपये की पर्याप्त बचत हुई। रिसाव को रोकने और अन्य प्रयासों से आरएसपी में नाइट्रोजन की खपत कम हो गई, जिससे लगभग 5.50 करोड़ रुपये की बिजली की बचत हुई। इसके अलावा बाहरी एजेंसियों को क्रायोजेनिक तरल पदार्थ की बिक्री से 9.97 करोड़ रुपये की कमाई हुई है।

हाउसकीपिंग में सुधार के लिए प्रोपेन प्लांट्स, मशीन शॉप और एटलस कोप्को एयर स्टेशन में 5एस प्रणाली लागू किया जा रहा है। कार्यस्थल की सुरक्षा में सुधार के कई कदम उठाए गए हैं। इनमें 12 मीटर के स्तर पर ऑक्सीजन पीआरएमएस आइसोलेशन वाल्व प्लेटफॉर्म की बैरिकेडिंग, सीढ़ियों के ग्लास स्काईलाइट्स को फाइबर शीट से बदलना, कंक्रीट ट्रेंच कवर को चेकर्ड प्लेटों से बदलना, एयर

सेपरेशन यूनिट्स के शीर्ष पर वातदिग्दर्शक (विंडसॉक) का प्रावधान, एएसयू-3 और पूर्ण ल्यूब ऑयल ड्रम शिफ्टिंग ट्रॉली आदि का निर्माण शामिल है। इन विविध प्रयासों के माध्यम से, ऑक्सीजन प्लांट प्रमुख उत्पादन इकाइयों को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने के लिए ऊर्जा प्रदान कर रहा।

## आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कोल्हान आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने सोमवार को कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कोल्हान के आदिवासी समाज में शांति और प्रगति के लिए कतिपय सुधारात्मक सुझाव संबंधी बातें कही। उन्होंने बताया कि कोल्हान और झारखंड के लगभग सभी आदिवासी गांव समाज में नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, ईर्ष्या द्वेष आदिवासी महिला विरोधी मानसिकता और बहुमूल्य वोट को हँडिया दारु चखना, रुपयों आदि में खरीद बिक्री की परंपरा चालू है। आदिवासी गांव समाज में इन कमजोरियों के अनेक कारणों में एक उसका आदिवासी स्वशासन व्यवस्था (माझी परगना मानकी मुंडा आदि) भी जिम्मेवार है। चूँकि परंपरा के नाम पर वंशानुगत



नियुक्त अधिकांश स्वशासन प्रमुख ( माझी परगना मानकी मुंडा आदि) अनपढ़, पियक्कड़, संविधान कानून से अनभिज्ञ होते हैं। आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक और संवैधानिक सुधार के लिए आदिवासी सेंगेल अभियान ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को ज्ञापन पत्र भेज चुका है। जिसका संज्ञान उन्होंने लिया है। सालखन मुर्मू ने संबंधित पत्र एवं कागजात प्रस्तुत करते हुए उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मौके पर सुबेदार बिरूवा, चरण चातार, महती पुरती, प्रताप बिरुवा समेत अन्य शामिल थे।



# जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म पठान

बालीवुड की फिल्म पठान 1 सितंबर, 2023 को अब जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बीते दिनों जापानी रिलीज के पोस्टर का अनावरण किया गया है। इस खबर के बाद ट्रेड विश्लेषकों की उम्मीदें परवान चढ़ गई हैं। उन्हें ऐसा लग रहा है कि पठान राजामौली की आरआरआर की तरह जापान में भी रिकॉर्ड तोड़ कारोबार करने में सफल होगी। दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने और 1000 करोड़ का आंकड़ा पार चुकी है। गौरतलब है कि राजामौली की आरआरआर ने जापान में सिनेमाघरों में 100 दिन से अधिक का प्रदर्शन किया था। यह निर्णय लिया गया है कि इतिहास की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म और 2023 में नंबर 1 भारतीय बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर 'पठान' शुक्रवार, 1 सितंबर को रिलीज होगी। पठान ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543 करोड़ का कारोबार किया था। प्राइम वीडियो पर प्रदर्शित हो चुकी पठान ने ओटीटी प्लेटफार्म पर भी बेहतरीन आंकड़े पेश किए। सलमान ने पठान में एक महत्वपूर्ण एक्शन दृश्य में टाइगर के रूप में अपनी भूमिका दोहराई और इसने फिल्म के प्रति दीवानगी बढ़ा दी। टाइगर 3 में, जो दिवाली 2023 पर रिलीज़ होगी और जिसमें इमरान हाशमी खलनायक की भूमिका में हैं, और शाहरुख खान एक कैमियो में हैं। अभिनेता सलमान खान के साथ पठान वर्सेस टाइगर में भी अभिनय करेंगे।सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, पठान में डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा भी हैं। 25 जनवरी 2023 को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए। पठान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का एक हिस्सा है, जिसमें एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) से टाइगर (सलमान खान) और जोया (कैटरीना कैफ) और वॉर (2019) से कबीर (ऋतिक रोशन) भी शामिल हैं।

## माधुरी को लेकर ये क्या कह दिया काजोल ने



बीते दिनों बालीवुड एक्ट्रेस काजोल ने खूबसूरत अदाकारा माधुरी दीक्षित को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया, जिसे सुन लोग हैरान रह गए। आपको ये बात मालूम होगी कि काजोल ने कभी भी माधुरी दीक्षित के साथ काम नहीं किया है। एक्ट्रेस से एक ऐसी अंडररेटेड एक्टर का नाम बताइए, जिन्हें उतने रोल नहीं मिले, जितने मिलने चाहिए थे। इस पर काजोल ने माधुरी दीक्षित का नाम लिया है। एक्ट्रेस को लगता है कि माधुरी दीक्षित को जितने वैरायटी वाले रोल्स मिलने चाहिए थे, उतने नहीं मिले हैं। काजोल ने बताया यदि वैरायटी ऑफ रेंज की बात की जाए तो वह अंडररेटेड एक्टर माधुरी दीक्षित होगी। इसके साथ ही काजोल ने अपने को लेकर यह भी कहा कि वो अब दोबारा से 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे'की सिमरन नहीं बन सकती हैं। साथ ही वो ऐसा चाहती थी भी नहीं हैं। उन्होंने कहा- 'आज मैं जहां हूं, मुझे अच्छा लगता है। मैं दोबारा 16 साल की नहीं होना चाहती।



# नेत्रहीन पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी सोनम

रोमांचक थ्रिलर फ़िल्म ब्लाइंड में एक्ट्रेस सोनम कपूर आहूजा एक नेत्रहीन पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस फिल्म में एक बेरहम सीरियल-किलर को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। फ़िल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है और एक नेत्रहीन लड़की का किरदार बखूबी निभाने के लिए सोनम की भरपूर तारीफ़ की है। सोनम कहती हैं, मेरे लिए ब्लाइंड में काम करने का फैसला लेना बड़ा आसान था, क्योंकि इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर सुजॉय घोष हैं। बेहद रोमांचक और दमदार थ्रिलर फ़िल्मों के मामले में उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है और मेरे लिए तो बस यह जानना ही काफी था कि ब्लाइंड की कमान सुजॉय के हाथों में होगी। फ़िल्म का कॉन्सेप्ट तैयार होने के बाद से ही उन्होंने बड़े क्रिएटिव तरीके से इसे आगे बढ़ाया है।

वे आगे कहती हैं, फ्एक एक्टर के तौर पर मैं अपने प्रोड्यूसर और डायरेक्टर पर पूरा भरोसा करती हूं और मुझे खुशी है कि मुझे सुजॉय के रूप में एक ऐसा प्रोड्यूसर मिला है, जिन्हें हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री में इस जॉनर में महारत हासिल है। मैं उम्मीद करती हूं कि, इस फ़िल्म में लोगों को मेरा परफॉर्मेंस पसंद आएगा। मेरे लिए यह रोल बड़ा कठिन था और मैंने जिया के किरदार को संजीदगी और साहस के साथ निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।फ्सोनम प्रोड्यूसर सुजॉय घोष को हिंदी सिनेमा में बेहद धारदार थ्रिलर फ़िल्मों के निर्माण में माहिर मानती हैं और इसी वजह से उन्होंने ब्लाइंड में काम करने का फैसला लिया।

# कियारा ने सासू मां को खिलाई होम मेड पानी पूरी

हाल ही में एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने अपनी सास रिम्मा मल्होत्रा को इम्प्रेस करने के लिए पानी पुरी का इस्तेमाल किया। हाल ही में इंटरव्यू में कियारा आडवाणी से पूछा गया कि क्या उनकी शादी में पानी पुरी का स्टॉल लगा था। एक्ट्रेस ने जवाब में कहा, बेशक। मेरी सास जो हैं, उनको पानी पूरी इतना पसंद है! वो अभी हमारे साथ रह रही हैं, दिल्ली से मुंबई आई हुई हैं। तो, उनके पहले दिन, मुझे पता है कि उनको पानी पूरी कितनी पसंद है, मैंने कहा आज घर में हम पानी पूरी बनाएंगे। जो मसका लगाया... मुझे पता था कि वह मुझे दूसरे लैवल तक प्यार करेगी। वह बहुत खुश थी। वह अब हमारे साथ मुंबई में रह रही है। उनकी यात्रा के पहले दिन, मैंने सुनिश्चित किया कि उन्हें घर पर बनी पानी पूरी मिले। इससे वह वास्तव में इम्प्रेस हुईं और उन्हें खुशी हुई। काम की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने इसी साल 7 फरवरी को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में धूमधाम से शादी रचाई थी, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थीं। बता दें कि कियारा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। हाल ही में फिल्म के प्रचार के दौरान एक्ट्रेस से पानी पुरी के प्रति उनके प्यार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें पुचका, गोल गप्पे, पानी पुरी पसंद हैं।





# एक्टिंग से ब्रेक लेने से पहले छलका सामंथा रुथ प्रभु का दर्द

## बोलीं- बीते 6 महीने बहुत मुश्किल....

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। सामंथा के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। इसी बीच सामंथा के एक्टिंग से लंबा ब्रेक लेने की खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि सामंथा ब्रेक लेकर अपनी बीमारी का इलाज करवाएंगी। वहीं अब सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। एक्ट्रेस ने अपनी एक सेल्फी शेयर करते हुए पिछले छह महीनों को सबसे कठिन बताया है। इस तस्वीर में सामंथा पर्पल टॉप और छोटे बालों में मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ सामंथा ने लिखा, 'बीते छह महीने काफी मुश्किलों में गुजरे हैं। यह समय काफी लंबा और हार्ड रहा है। पर मैं अंत तक पहुंच चुकी हूं।' बता दें कि सामंथा ऑटो इम्यून बीमारी, मायोसिटिस से जूझ रही हैं। इस बीमारी में मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है जिससे गंभीर दर्द होता है। इस बीमारी के इलाज के लिए सामंथा ने एक्टिंग से ब्रेक लिया है। ब्रेक पर जाने से पहले सामंथा दो आखिरी प्रोजेक्ट सिटाडेल और कुशी का काम पूरा करेंगी। वरुण धवन के साथ सिटाडेल इंडिया का आखिरी शेड्यूल पूरा करने के बाद, सामंथा विजय देवरकोंडा के साथ कुशी की शूटिंग कर रही हैं। वहीं जिन प्रोजेक्ट पर वह कुशी के बाद काम करने वाली थीं उनकी एडवांस पेमेंट भी सामंथा ने प्रोड्यूसर्स को वापस लौटा दी है। सामंथा रुथ प्रभु के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फिल्म 'शाकुंतलम' में देखा गया था। जल्द ही एक्ट्रेस वरुण धवन संग अपनी वेब सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आएंगी। इसके साथ ही सामंथा रुथ प्रभु को विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म 'कुशी' में रोमांस करते हुए भी देखा जाएगा।

# नुसरत की इंटरनेट पर जबर्दस्त फैन फालोईंग

अपने लुक और एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, जिनके साथ अक्सर वह अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में फिर नुसरत ने अपने कुछ स्टाइलिश लुक की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल चुराया है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में नुसरत भरूचा रेड कलर की ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं, जिसे उन्होंने कमर से ब्लैक बेल्ट से टाई किया है। ड्रेस के साथ गोल्डन कलर के हैवी इयररिंग्स और लो पोनी में एक्ट्रेस का लुक देखते ही बन रहा है। अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए नुसरत कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक जबरदस्त पोज दे रही हैं। फैंस नुसरत की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर तारीफ भी कर रहे हैं।

